26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 26 जून, 2026

अंक- 242 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

**आवश्यकता है**

हल्दौर स्थित फैक्ट्री के लिए कुशल कंप्यूटर ऑपरेटर / ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है।

कार्य- डेटा एंट्री, बिलिंग, रिकॉर्ड मैनेजमेंट, ईमेल/WhatsApp कम्युनिकेशन एवं MS Excel, MS Word, इंटरनेट का अनुभव, हिंदी व अंग्रेज़ी टाइपिंग का ज्ञान

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

मो-8077377404

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी- टिन्नू यादव समेत 8 आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावा और चंदा चोरी मामले में एसआईटी के प्रारंभिक जांच रिपोर्ट सौंपे जाने के दो दिन बाद 8 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य श्री कृष्ण मोहन ने एसआईटी की रिपोर्ट के आधार पर यह मुकदमा दर्ज कराया गया है, जिसके बाद अयोध्या पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों से पूछताछ हो रही है। एफआईआर में ट्रस्ट महासचिव चंपत राय के ड्राइवर राम शंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव समेत आठ लोगों को आरोपी बनाया गया है। टिन्नू यादव के अलावा अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, मनीष यादव, अविनाश शुक्ला, करुणेश पांडेय, रमाशंकर मिश्र और गणना इंचार्ज सुभाष श्रीवास्तव को नामजद आरोपी बनाया गया है। राम मंदिर चंदा चोरी मामले के नामजद आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। इन सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 305, 306, 316(5), 317(4), 317(5), 61, 3(5) बीएनएस व 13(1)(a) पीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। ऐसे में सवाल उठता है कि चंदा और चढ़ावा चोरी में फंसे 8 लोगों का राम मंदिर में क्या-क्या रोल था? राम मंदिर में चंदा चोरी में गिरफ्तार करुणेश पांडेय का काम मंदिर में चढ़ाए जाने वाले चढ़ावों का गणना कक्ष तक पहुंचाने का रोल था। श्रीराम मंदिर में जो भी चढ़ाया जाया करता था, उस चढ़ावे को गणना कक्ष सिर्फ ले जाने का ही नहीं, बल्कि गिनने का काम था। करुणेश पर आरोप है कि इन्होंने दानराशि चुराकर संपत्ति अर्जित की है।



**Teachers Required**

T.G.T.- English, Maths, Science,
PRT- Nursery Teachers All Subjects.
Atractive salary
Please Contact with your Testemonials.
between 8:AM to 12:00 Noon
From 23.6.25 to 30.6.25

St. John's School, Nai Basti B-14, Bijnor
9927979617, 9837801885

RVIT leading RVITians...
17 Years of Quality Education
ADMISSIONS OPEN 2026
ENGINEERING · PHARMACY MANAGEMENT
2200+ Placements in 17 years | 990+ Workshop Tours | 85% Placements in 2025-26
MILESTONES Excellence Awards Year After Year.
B.TECH. ME, CE, CSE, AIML, EE, ECE
POLYTECHNIC ME, ELECTRONICS, CE
D. PHARM DIPLOMA IN PHARMACY
B. PHARM BACHELOR OF PHARMACY
BBA BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION
BCA BACHELOR OF COMPUTER APPLICATIONS
ONE OF THE LEADING ENGINEERING, PHARMACY & MANAGEMENT COLLEGE
9756 201 670
9756 201 671
www.rvit.ac.in
info@rvit.ac.in
R V INSTITUTE OF TECHNOLOGY
R V INSTITUTE OF PHARMACY
Bijnor Moradabad Road, Bijnor.

KUNWAR SATYAVIRA COLLEGE OF ENGINEERING & MANAGEMENT
27 years of Excellence
Approved by AICTE, New Delhi • Affiliated to Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University, Lucknow
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-27
COURSES OFFERED
B.TECH. (BIO-TECH | CE | CSE | ECE | EE | ME)
SPECIALIZATION: Artificial Intelligence & Machine Learning; Data Science & Inrenet of Things (IoT); Green Technology & Sustainability Engineering; Robotics & Electric Vehicles
M.B.A. (FINANCE | HRM | IB | IT | OM | MARKETING)
BBA BCA
Heartiest Congratulations PRANAV MALIK B.TECH (CSE) Batch 2022-2026
PLACED IN TCS TATA CONSULTANCY SERVICES
PACKAGE LPA - 7.09
EXCELLENT ACADEMICS | EXPERIENCED FACULTY | MODERN LABS & INFRASTRUCTURE | INDUSTRY INTERFACE | HIGH PLACEMENT OPPORTUNITIES
CAMPUS: Bijnor City, Bijnor (U.P.) India
8191002009, 8191004009
EMAIL: admission@ksvira.edu.in
WEBSITE: ksvira.edu.in

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE
इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती
डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें
आने से पहले कॉल करें-
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# लखनऊ अग्निकांड के बावजूद नहटौर में हो रही अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी

-मोहित शर्मा

नहटौर (चिंगारी)। लखनऊ में हाल ही में हुए दर्दनाक हादसे के बाद भी स्थानीय प्रशासन और भवन स्वामी सबक लेने को तैयार नहीं हैं। नहटौर क्षेत्र में बेसमेंट के व्यावसायिक उपयोग और सुरक्षा मानकों की अनदेखी का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। शानदार मार्केट सहित नगर की कई लाइब्रेरी, कोचिंग सेंटरों और कुछ निजी अस्पतालों में सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं, जिससे यहां हर समय एक बड़ा हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। बता दें कि लखनऊ हादसे के बाद सरकार और प्रशासन ने साफ निर्देश दिये हैं कि बेसमेंट का उपयोग केवल पार्किंग या बेसमेंट के लिए तय मानकों के अनुसार ही किया जा सकता है। वहां किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि, कोचिंग सेंटर या लाइब्रेरी चलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद नहटौर में कई बेसमेंट में कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरी धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं, जहां क्षमता से अधिक छात्र-छात्राएं बंद कमरों में पढ़ने को मजबूर हैं। शानदार मार्केट और नगर के अन्य इलाकों में स्थित इन बेसमेंट सेंटरों और कुछ अस्पतालों का जायजा लेने पर चौकाने वाली तस्वीरें सामने आती हैं। इनमें आपात स्थिति में बाहर निकलने के लिए कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं है। अधिकांश इमारतों में न तो अग्निशमन यंत्र चालू हालत में हैं और न ही पानी की कोई व्यवस्था है। बेसमेंट में हवा और रोशनी का उचित प्रबंध न होने के कारण दमघोंटू माहौल रहता है। शॉर्ट सर्किट या जलभराव की स्थिति में यहां से सुरक्षित निकल पाना लगभग असंभव है। चिंताजनक बात यह है कि कुछ निजी अस्पतालों में भी सुरक्षा मानकों को ताक पर रख दिया गया है। मरीजों की जान जोखिम में डालकर बेसमेंट और संकरी जगहों पर ओपीडी या मेडिकल स्टोर संचालित किए जा रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन केवल बड़े हादसों के बाद ही जागता है, जबकि जमीनी स्तर पर नहटौर में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या नहटौर का प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? लखनऊ की घटना से सबक लेकर इन अवैध रूप से चल रहे बेसमेंट और असुरक्षित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर कब चलेगा चाबुक?



शानदार मार्केट में भीड़।

## शानदार मार्केट में सर्वाधिक खतरा

नहटौर। धामपुर मार्ग स्थित शानदार मार्केट में बरती जा रही लापरवाही की तस्वीरें बेहद डराने वाली हैं। इस मार्केट में हर वक्त भारी संख्या में लोगों की भीड़ मौजूद रहती है, लेकिन सुरक्षा के इंतजाम शून्य हैं। हद तो तब हो जाती है जब नियमों को ताक पर रखकर मार्केट की छत पर भी अवैध रूप से बाजार सजाया जा रहा है। चौकाने वाली बात यह है कि नगर पालिका प्रशासन ने भी इस निर्माण और गतिविधि को अवैध घोषित कर रखा है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। सैकड़ों लोगों की आवाजाही वाले इस परिसर में यदि कोई अप्रिय घटना या अग्निकांड होता है, तो संकरे रास्तों के कारण यहां बड़ी जनहानि हो सकती है। नगर पालिका के नोटिस के बाद भी इस पर ताला न लगना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

## अधिकारियों ने कहा..

इस संबंध में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने बताया सर्वे कराया जा रहा है। नियमों का जो उलंघन करेगा कार्रवाई की जाएगी।

वहीं प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि उपजिलाधिकारी धामपुर द्वारा संबंधित टीम का गठन किया जा रहा है। टीम के आगमन पर कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

# शाबाश! सोनिया, नाम रोशन किया



अम्हेड़ा (चिंगारी)। हौसले बुलंद हों और इरादे मजबूत, तो कोई भी मुश्किल सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकती। ऐसा ही कर दिखाया है बिजनौर के थाना हल्दौर के ग्राम अम्हेड़ा की प्रतिभाशाली बेटी सोनी पुत्री तस्लीम अहमद ने। अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ निश्चय के दम पर सोनी ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए बिजनौर का नाम रोशन किया है।

रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित 36वीं राष्ट्रीय जूनियर एवं सब-जूनियर Kayaking-Canoeing चैंपियनशिप 2026 में सोनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 2 रजत एवं 1 कांस्य पदक अपने नाम किए। उनकी इस उपलब्धि ने पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता 12 से 14 जून 2026 तक आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। सोनी ने कहा कि वह इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और कोच फिरोज सर को देती हैं। उन्होंने बताया कि फिरोज सर के निरंतर मार्गदर्शन, प्रेरणा और कठिन प्रशिक्षण के बिना इन पदकों को जीत पाना बेहद कठिन था।

सोनी की यह सफलता जिले की बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो गांव की बेटियां भी राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकती हैं।

# बारात में गये युवक की हार्ट अटैक से मौत

खासपुरा (चिंगारी)। बारात में गए युवक की अचानक हार्ट अटैक से मौत हो गई। हंसते-गाते माहौल में मातम छा गया। खुशियां पल भर में आंसुओं में बदल गईं। घटना बुधवार सुबह की है। गांव ऊमरी बड़ी निवासी 35 वर्षीय संजीव पुत्र मदन कुमार अपनी बहन के देवर की बारात में लाडनपुर शामिल होने गया था। संजीव सुबह लगभग 9 बजे मेहमानों को नाश्ता करा रहा था। इसी दौरान अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत परिजनों को बताई। परिजन तुरंत हल्दौर के एक निजी अस्पताल में लेकर गए। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख बिजनौर रैफर कर दिया, लेकिन बिजनौर ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर सुनते ही बारात में कोहराम मच गया। दूल्हा-दुल्हन पक्ष के लोग रोने लगे। खुशी का माहौल गम में बदल गया। संजीव मेहनत मजदूरी करके अपने बच्चों का भरण पोषण करता था। उसकी मौत से पत्नी, पुत्र आयुष, ऋषभ, पुत्री कंचन व मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक की लहर है।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER

कम डाउन पेमेंट

कम ब्याज दर

आज ही लायें एथर स्कूटर

ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# सड़क बनाने से लोग खुश नहीं!



**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर की पॉश कालोनी आवास विकास में करोड़ों की लागत से सड़क बनाई जा रही है, मगर स्थानीय निवासियों के चेहरे पर खुशी नहीं, बल्कि दु:ख और असमंजस के भाव हैं। उसका कारण यह है कि आवास विकास में कुछ समय पूर्व ही पानी की नई लाइन डाली गयी थी, जिसके कनेक्शन नगरपालिका अभी तक नहीं दे पाई, न ही वर्षो पुरानी सीवर लाइन को कनेक्ट किया गया है। ये कनेक्शन सड़क बन जाने के बाद नई सड़क काटकर दिये जाएंगे, जिसके कारण सड़क बनी न बनी एक समान हो जाएगी।

सड़क निर्माण उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद के कोष से हो रहा है, जबकि पानी और सीवर के कनेक्शन नगरपालिका द्वारा दिये जाने हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के दोनों विभागों में सामंजस्य न होने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। स्थानीय निवासी ई.रामपाल सिंह का कहना है कि कुछ समय पूर्व उनके नेतृत्व में ओमप्रकाश सिंह, रणवीर सिंह, बहादुर सिंह, राजकुमार सिंह, तरुण कुमार आदि इस सम्बन्ध में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से मिले थे, मगर अधिशासी अधिकारी का कहना है हमारे पास फंड नहीं है।

यह बात हर किसी को कष्ट पहुंचाने वाली है कि सड़क बनने से पहले अंडर रोड होने वाले कार्यो की चिंता नहीं की जाती और सड़क बनने के बाद तोड़फोड़ की जाती है, जिसके कारण देश और प्रदेश के संसाधनों की हानि होती है। सड़क बनने के बाद कनेक्शन देने से सड़क में गड्ढे हो जाते और सड़क धीरे-धीरे टूटने लगती है। आशा कर सकते हैं कि करोड़ों के बजट से बनने वाली सड़क बनने से पूर्व ही अंडर रोड कार्य पूरे कर लिये जाएंगे।

# नशा ही करना है तो परमात्मा के ध्यान का नशा करें- डा. नरेन्द्र




**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला अधिकारी जसजीत कौर के निर्देशन में जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर सिंह के द्वारा योगी अनंत योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष योगेश कुमार योग गुरू डॉ. नरेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन जिला अध्यक्ष ओपी शर्मा के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. नरेंद्र सिंह एवं ओपी शर्मा के द्वारा नशा मुक्ति अभियान पर नाटक प्रस्तुति के माध्यम से नशा मुक्त करने हेतु अभियान चलाया गया। डॉक्टर नरेंद्र सिंह ने बताया कि बीड़ी, सिगरेट स्वयं के शरीर को तो हानि होती ही है, जो संपर्क में रहने वाले हैं, उनको भी टीबी, कैंसर, ट्यूमर, ब्रोंकाइटिस आदि बीमारियां पैदा हो जाती हैं। डॉ. नरेंद्र सिंह ने कहा कि सबसे बड़ा नशा तो खाने में है और उससे भी बड़ा नशा परमात्मा के ध्यान में है। अत: आप लोग परमात्मा का नशा करें, परमात्मा का नशा होने पर सारे नशे छूट जाएंगे। इस अवसर पर योगी अनंत योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सेवा ट्रस्ट के योग गुरु रामानंद, सेवा आश्रम की अध्यक्षा लक्ष्मी देवी, मिथलेश देवी, पुष्पेंद्र, रविंद्र तथा वृद्ध आश्रम के बुजुर्ग माताएं-बहनें उपस्थित रहीं।

# डाक्टर पर युवती का ग़लत उपचार करने का आरोप

**शेरकोट ( चिंगारी )। एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर मुहल्ले में क्लीनिक करने वाले डॉक्टर पर पुत्री का ग़लत उपचार करने और डाक्टर व कम्पाउन्डर पर अभद्रता और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गुहार की है।**

नगर के मुहल्ला निकम्माशाह निवासी मौ. आबिद ने बताया कि गत दो मई को तबीयत खराब होने पर उन्होंने अपनी 22 वर्षीय पुत्री नरगिस को लड्डुन चौक पर क्लीनिक करने वाले ग्राम शहजादपुर निवासी डा. नबी को दिखाया गया था। आरोप है कि डाक्टर ने चार दिन तक उनकी पुत्री के बोतलें चढ़ाकर और इंजेक्शन लगाकर इलाज किया, जिससे उसकी हालत में सुधार होने के बजाय और अधिक बिगड़ गई। जिस पर डाक्टर ने उन्हें धामपुर के अस्पताल भेज दिया। आबिद का आरोप है कि उनकी पुत्री की हालत तभी से गम्भीर बनी हुई है और वह मुरादाबाद के एक अस्पताल में आईसीयू में भर्ती है। आबिद का आरोप है कि इस सम्बन्ध में बात करने के लिए जब वह डाक्टर के पास पहुंचे तो उसने और कम्पाउन्डर ने उनके साथ अभद्रता करते हुए धक्के देकर क्लीनिक से बाहर निकाल दिया और जान से मारने और जो जी चाहे कर लेने की धमकी दी। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

Hero
बाइक बिकाऊ है
Hero



हीरो की सबसे दमदार बाइक
Mavrick 440cc
पुरानी बाइक शीघ्र बिकाऊ है।
मात्र 9 किलोमीटर चली हुई।

तुरंत आवश्यकता है- कुशल मैकेनिक व हेड मैकेनिक की।

कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली** लगे
या **बुरी**...

## पश्चिम एशिया का संकट

जल-थल-नभ से इस्राइल पर हुए हमास के आतंकी हमले ने इस्राइल को बुरी तरह झकझोर दिया तथा उसकी जनता में अपने अस्तित्व पर संकट की भावना पैदा हो गई क्योंकि द्वितीय विश्वयुद्ध में हिटलर द्वारा यहूदियों के नरसंहार के बाद यह इस्राइल की जनता पर हुआ सबसे बड़ा हमला था। हमास के आतंकी हमले में इस्राइल के लगभग 1500 लोग मारे गए तथा सैकड़ों बंधक बनाए गए, पर गाज़ा पर इस्राइल के जवाबी हमले में लगभग 60,000 लोग मारे गए। भले ही इसे इस्राइल का 'अत्याचार' कहा जाए, पर अपने जन्म से ही अस्तित्व पर संकट का सामना कर रही इस्राइली जनता की 'प्रतिक्रिया' को 'अनुचित' नहीं कहा जा सकता है। पश्चिम एशिया में संकट के साथ ही अमेरिका और पश्चिमी देशों के संगठन 'नाटो' ने यूक्रेन को रूस के खिलाफ मुहरे के तौर पर इस्तेमाल किया। वह यूक्रेन को रूस की संप्रभुता व एकजुटता पर खतरे की तरह खड़ा कर उसका सैन्यीकरण कर रहा था तथा उसे संभावित अणु बम शक्ति के रूप में तैयार कर रहा था। यूक्रेन में रह रही रूसी मूल की जनता इस घटनाक्रम से व्यथित थी और रूसी-बहुल क्रीमिया में उसने यूक्रेन के खिलाफ विद्रोह कर दिया था। इसके परिणामस्वरूप जहां रूस ने क्रीमिया को 2014 में अपने देश में मिला लिया था, वहीं अमेरिका तथा उसके सहयोगी पश्चिमी देशों ने रूस के खिलाफ व्यापक आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए थे। हालांकि, रूसी अर्थव्यवस्था इन प्रतिबंधों से प्रभावित हुई, पर उसने चीन तथा उत्तर कोरिया के सहयोग से ऊर्जा निर्यात जारी रखा और वह नाटो, अमेरिका व यूक्रेन के हमलों का जवाब देती रही। भारत ने भी परंपरागत भारत-सोवियत संबंधों व भारत-रूस संबंधों के रास्ते पर चलते हुए बड़ी मात्रा में रूसी तेल खरीदा और आज भी खरीद रहा है। लेकिन दूसरी ओर रूस की चीन पर बढ़ती निर्भरता तथा रूस-चीन संबंध अत्यन्त गहरे होने के कारण भारत की सुरक्षा पर खतरा मंडराने लगा। हालांकि, गलवान झड़प के बाद के वर्षों में भारत-चीन संबंधों में काफी सुधार आया है, पर चीन की बढ़ती आक्रामकता तथा उसके द्वारा भारत के अनेक भूभागों को अपना हिस्सा बताने से भारत में 'असुरक्षा' की भावना बनी हुई है।

# कर्बला की कुर्बानी को हमेशा याद किया जायेगा

## हर कौम पुकारेगी हमारे हैं हुसैन

इतिहास की कुछ घटनाएं केवल अतीत का हिस्सा नहीं रहतीं, बल्कि वर्तमान को समझने और भविष्य को दिशा देने का माध्यम बन जाती हैं।

कर्बला ऐसी ही एक घटना है, वैसे तो करबला इराक के एक शहर का नाम है। यह अब केवल एक जगह या शहर नहीं, बल्कि अब कर्बला एक विचार बन गई है।

आज यह केवल एक ऐतिहासिक संघर्ष नहीं, बल्कि इंसान और सत्ता, नैतिकता और स्वार्थ, सत्य और जुल्म के बीच स्थाई बहस का प्रतीक है।






14 सदियों के बीत जाने के बावजूद कर्बला आज भी मानव समाज के सामने वही सवाल खड़ा करती है-क्या सत्ता के सामने सच को बचाया जा सकता है और यदि हां तो उसकी कीमत क्या होती है?

कर्बला की जंग के बाद जहां इमाम हुसैन कयामत तक सच्चाई और इंसानियत का प्रतीक बन गए, वहीं यजीद झूठ और बुराई की सरकार मूर्ति बनाकर हमेशा याद किया जाएगा।

इस सवाल का जवाब भी पाठक जानना चाहेंगे की इमाम हुसैन (अ. स.) कौन थे, तो मैं बताता चलूं आज पूरे विश्व में मुसलमान जिस पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का कलमा पढ़ते हैं इमाम हुसैन (अ.स.) उनकी एकमात्र पुत्री हजरत फातिमा (स.अ.)और हजरत अली (अ.स.) के पुत्र थे, हजरत मोहम्मद (अ. स.) ने अपनी एक हदीस में इमाम हुसैन (अ.स.) को जन्नत का नौजवानों का सरदार भी बताया है। अब यह सवाल आता है कि वह शासक जो इमाम हुसैन (अ.स.) के सामने था, वह कौन था-अपने पाठकों को बता दूं कि वह अपने समय का जालिम, व्यभीचारी और शराबी इंसान यज़ीद था, उसके बाप का नाम माविया था, और उसके दादा का नाम अबू सुफियान था।

जो हमेशा गैर इंसानियत के कामों में सबसे आगे रहता था।

यहां यह भी बताना आवश्यक है कि यजीद इमाम हुसैन (अ.स.) से क्या चाहता था और क्यों चाहता था।

तो यह मैं बताता चलूं कि इमाम हुसैन (अ. स.) नवासे रसूल के साथ अपने वक्त के इस्लामी हस्ती भी थे।

जिससे अगर यजीद को बैयत (मान्यता) मिल जाती तो इसकी खिलाफत इस बात का पक्का सबूत बन जाती कि वह सारे काम इस्लामी तरीके और सुन्नते रसूल की रोशनी में कर रहा है।

लेकिन इमाम हुसैन (अ.स.) ने साफ कह दिया कि मुझ जैसा तुझ जैसे की बैयत नहीं कर सकता और आम इंसानियत को साफ पैगाम दे दिया कि यजीद की सारी खिलाफत गैर इस्लामी है और सुन्नत ए रसूल के खिलाफ है।



इमाम हुसैन (अ.स.) ने इस्लाम की हिफाजत और रसूल की सुन्नत को बचाने के लिए अपना सब कुछ कुर्बान कर दिया।

कर्बला में सबसे बड़ी बात जो इस पूरी इंसानियत को ताकत देती है, वह यह है कि इमाम हुसैन (अ.स.) ने एक साफ संदेश दिया कि अगर सच के साथ खड़े होने की कीमत जान भी हो तो उसे कबूल कर लेना चाहिए। इमाम हुसैन (अ. स.) ने यह नहीं देखा कि उनके साथ मात्र 71 लोग हैं, वहीं यजीद की तरफ लाखों लोग हैं, बस इमाम हुसैन (अ.स.) ने देखा कि वह सच की हिमायत में खड़े हैं यही वजह है कि कर्बला को आज भी जुल्म की हार और सच्चाई की जीत के रूप में याद की जाती है। कर्बला एक साफ संदेश देती है और देती रहेगी कि इमाम हुसैन (अ.स.) ने इंसानियत की हिफाजत में अपना पूरा घर कुर्बान कर दिया। लाखों की यजीदी फौजे 72 लोगों के इंसाफ, सच्चाई और इंसानियत के बचाव के लिए खड़े होने की फौलादी इरादे को बदल ना सकी और आज भी यजीद का नाम समाज में एक गाली बन गया है।

जब-जब दुनिया में इस इंसाफ और इंसानियत की बात होगी, तब तक इमाम हुसैन (अ.स.) की कुर्बानी को हमेशा याद किया जाएगा। सीखा कि अत्याचार के खिलाफ कैसे जीत हासिल की जाती है, यह एक स्पष्ट प्रमाण है कि कर्बला का पैगाम धर्म से ऊपर उठकर मानवता की धरोहर बन चुका है। कर्बला हमें सिखाती है कि इंसानियत की कीमत जान से भी बढ़कर है। चुप्पी भी कभी-कभी अपराध बन जाती है, लेकिन बलिदान कभी भी बेकार नहीं जाता।

शायर ने एक शेर कहा है कि-

**इंसान को बेदार तो हो जाने दो।**
**हर कौम पुकारेगी हमारे हैं हुसैन।।**

**अफजाल अब्बास ज़ैदी**
**वरिष्ठ पत्रकार**

## मुमकिन ही नहीं!

क्या उदारीकरण के युग में विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार संभव है? जब हम किसी देश के उत्पाद नहीं खरीदेंगे, तो दूसरे देश भी हमारे उत्पाद क्यों खरीदेंगे? क्या हमारे प्रधानमंत्री यह कहना चाहते हैं कि सिर्फ निर्यात किया जाए, आयात बंद कर दिया जाए? अगर ऐसा है, तो आयात पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दीजिए, खुद बहिष्कार हो जाएगा? जनता के बजाय, सरकार क्यों नहीं बहिष्कार की शुरूआत करती है? जब वह ऐसा नहीं कर सकती, तो जनता से विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का आह्वान क्यों किया जा रहा है? दुनिया लेन-देन के सिद्धांत पर ही चलती है। एकतरफा व्यापार कहीं नहीं होता। भारत भी इस आह्वान में शायद ही सफल हो सकेगा।

अंग्रेजी शासन के समय महात्मा गांधी ने स्वदेशी आंदोलन चलाया था, जिसमें विदेशी कंपनियों द्वारा तैयार वस्तुओं का पूरी तरह से बहिष्कार किया गया था। ऐसा इसलिए किया गया था, क्योंकि उस वक्त अंग्रेजों का शासन था और वे भारत से कच्चा माल लेकर ब्रिटेन में उत्पाद तैयार करते थे, और फिर वही सामान हिन्दुस्तान के बाजार में बेच दिया करते थे। मगर इस समय क्या देश में कोई विदेशी शासन है कि आम जनता फिर से स्वदेशी आंदोलन चलाए? क्या हम पर अब भी ब्रिटेन या गोरों का शासन है? जिस तरह भारत सरकार अभी पाकिस्तान और तुर्की के खिलाफ मुखर है, उसी तरह, वह सभी विदेशी वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाकर अपनी नीति का ऐलान क्यों नहीं करती? उसे तो सबसे पहले चीन में बने उत्पादों पर इस तरह का प्रतिबंध लगाना चाहिए। क्या देश की आम जनता इस हालत में है कि वह स्वदेशी और विदेशी वस्तुओं में से किसी एक का चयन कर सके? वास्तव में, विदेशी वस्तुओं का प्रयोग मुख्यत: कुलीन वर्ग करता है। सबसे महंगी कारें, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या ब्रांडेड कपड़े कौन इस्तेमाल करता है? हमारा पूरा बाजार विदेशी वस्तुओं से भरा हुआ है। अगर हम सुपर मार्केट या ऑनलाइन बाजार का सर्वेक्षण करें, तो विदेशी वस्तुएं अमीर घरों की शोभा बढ़ाती पाई जाएगीं। आज इस धनाढ्य वर्ग के हाथों में विदेश का मोबाइल है। ऐसे ज्यादातर घरों के बच्चे विदेश में पढ़ते हैं। उनका इलाज भी देश से बाहर ही होता है। इनमें से कई ने तो भारत की नागरिकता छोड़ दी है। फिर, अपने देश में कॉस्मेटिक लेकर कई चीजें इजरायल से आयात की जाती है। तो सरकार विदेशी वस्तुओं पर पूर्ण प्रतिबंध की अधिसूचना क्यों नहीं जारी करती? इसके बाद खुद-ब-खुद काम हो जाएगा और स्वदेशी आंदोलन सफल हो जाएगा।

# देहरादून में घुसे निहंगों ने पुलिस को दो घंटे छकाया

## बैरिकेड हटाकर उत्तराखंड में दाखिल हुए थे निहंग, देर रात तक चला हाई-वोल्टेज घटनाक्रम

**देहरादून ( चिंगारी )। पंजाब से उत्तराखंड कूच पर निकले निहंगों और प्रशासन के बीच गुरुवार को पूरे दिन चले तनाव और वार्ता के बाद आखिरकार मामला शांतिपूर्ण तरीके से सुलझ गया। देर रात देहरादून पहुंचे निहंग जत्थों को पुलिस और प्रशासन ने बातचीत के बाद वापस हिमाचल प्रदेश के पांवटा साहिब की ओर रवाना कर दिया।**

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत निहंग जत्थे गुरुवार को पंजाब से श्री हेमकुंड साहिब के लिए रवाना हुए थे। कर्णप्रयाग में हुए विवाद और उसके बाद निहंगों की गिरफ्तारी के विरोध में यह कूच आयोजित किया गया था। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर पांवटा साहिब सीमा पर बैरिकेडिंग कर नाकेबंदी की थी, लेकिन कुछ निहंगों ने बैरिकेड हटाकर उत्तराखंड की सीमा में प्रवेश कर लिया।



निहंगों के देहरादून की ओर बढ़ने की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया। देहरादून पुलिस ने प्रेमनगर क्षेत्र में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू करते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए सभी थाना प्रभारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिये।

पुलिस को आशंका थी कि निहंग प्रेमनगर मार्ग से शहर में प्रवेश करेंगे, लेकिन उन्होंने वैकल्पिक रास्ता अपनाया। बताया जा रहा है कि निहंग पांवटा साहिब-देहरादून मार्ग से आते हुए प्रेमनगर से पहले गोरखपुर-शिमला बाईपास की ओर मुड़ गए और पुलिस की निगरानी से बचते हुए शहर के भीतर पहुंच गए। करीब दो घंटे तक पुलिस उनकी तलाश में जुटी रही।

बाद में पुलिस को सूचना मिली कि सभी निहंग थाना नेहरू कॉलोनी क्षेत्र के अंतर्गत स्थित रेसकोर्स गुरुद्वारे में मौजूद हैं। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी आशीष चौहान, एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। गुरुद्वारे में निहंगों और प्रशासन के बीच कई घंटों तक वार्ता हुई। अधिकारियों ने उन्हें स्थिति से अवगत कराया और शांतिपूर्ण समाधान का आग्रह किया। बातचीत सफल रहने के बाद निहंग जत्थे वापस पौंटा साहिब लौटने के लिए राजी हो गए। गौरतलब है कि चमोली जिले के कर्णप्रयाग में हाल ही में निहंगों और स्थानीय लोगों के बीच हुए विवाद के बाद कुछ लोगों के घायल होने का मामला सामने आया था। इस घटना में पुलिस ने आरोपियों निहंगों को गिरफ्तार किया था, जिसके विरोध में यह कूच प्रस्तावित किया गया था। प्रशासन ने पूरे घटनाक्रम के दौरान संयम बरतते हुए स्थिति को शांतिपूर्ण ढंग से नियंत्रित किया।

# सांप को मारकर उसके साथ खेलना महंगा पड़ा

## विष के प्रभाव से युवक बेहोश

**नहटौर ( चिंगारी )। घर में घुसे सांप को मारकर उसके साथ खेलना युवक को महंगा पड़ गया। मृत सांप के विष या डसने में कारण युवक बेहोश हो गया। जहर से युवक की हालत बिगड़ गयी।** घर में बृहस्पतिवार की रात्रि करीब साढ़े सात बजे नहटौर के ग्राम शादीपुर निवासी सलीम पुत्र घसीटा के घर में साँप दिखाई दिया। सांप को सलीम ने मार दिया, उसके बाद वह सांप के साथ करतब दिखाने लगा। मरे हुए सांप को वह गले में डालता तो कभी सिर पर रखकर तो कभी उसे अपने मुंह में घुसाकर वीडियो बनवाने लगा। सांप के साथ खतरनाक खेल खेलने के दौरान विष के कारण अचानक सलीम की हालत बिगड़ने लगी। कुछ देर में सलीम बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा, जिसे परिजन तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्राथमिक उपचार के बाद भी हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। आज प्रात: युवक की हालत में सुधार आया है। सांप के साथ खेलने की वीडियो भी व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हुई है।

### मृत होने पर भी डस लेता है सर्प ?

सर्प के बारे में जानकारों के अनुसार सांप मरने या सिर कटने के बाद भी उनके तंत्रिका तंत्र और मांसपेशियों में कुछ घंटों तक हरकत बनी रहती है। यदि कोई व्यक्ति मरे हुए सांप के मुंह या सिर के पास हाथ ले जाता है, तो अनैच्छिक प्रतिक्रिया के कारण उसका जबड़ा अचानक बंद हो सकता है, जिससे वह काट लेता है। इसके अलावा विष ग्रंथियों पर दबाव पड़ना सांप का जहर उसके सिर के पीछे मौजूद लार ग्रंथियों में जमा रहता है। दबाव के कारण जहर दांतों के बाहर निकलकर इंसान के खून में फैल सकता है। सांप ठंडे खून वाले जीव होते हैं।

# गांव में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय स्थापित करने की मांग

## विधायक ओमकुमार ने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया

**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत महमूदपुर बुजुर्ग के ग्राम प्रधान (प्रशासक) एवं ग्रामवासियों ने विधायक ओमकुमार कैम्प कार्यालय नहटौर पहुंचकर ग्राम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की स्थापना कराए जाने का अनुरोध किया। ग्रामवासियों की इस महत्वपूर्ण जनभावना को गंभीरता से लेते हुए ओमकुमार ने उनकी मांग के अनुरूप जिलाधिकारी बिजनौर को पत्र प्रेषित कर ग्राम महमूदपुर बुजुर्ग में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की स्थापना कराने का अनुरोध किया। पत्र में अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत में विद्यालय निर्माण हेतु खसरा संख्या 2 मि., क्षेत्रफल 1.265 हेक्टेयर सरकारी भूमि उपलब्ध है। आसपास के क्षेत्र में बालिकाओं के लिए पर्याप्त शैक्षणिक सुविधाओं का अभाव है, जिसके कारण छात्राओं को दूरस्थ विद्यालयों में जाकर शिक्षा प्राप्त करनी पड़ती है और उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विधायक ने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि बालिका शिक्षा से जुड़े इस महत्वपूर्ण जनहित के विषय को शासन एवं प्रशासन के समक्ष पूरी मजबूती से रखा जाएगा तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की स्थापना के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।



# अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाएंगे सपाई



**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता कार्यालय प्रभारी अखलाक् पप्पू ने बताया कि 1 जुलाई को पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं द्वारा पीडीए के जननायक देश के करोड़ों लोगों के दिलों की धड़कन राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन कार्यक्रम जिला कार्यालय पर समय प्रात: 10 बजे केक काटकर, वृक्षारोपण कर, जिला अस्पताल/कुष्ठ आश्रम में तीमारदारों को फल वितरण कर धूमधाम से मनाया जाएगा।

M D COLLEGE BIJNOR
A CO-EDUCATIONAL INSTITUTION
APPROVED & AFFILIATED TO CENTRAL & STATE GOVERNMENT APEX BODY
Courses Offered
Professional Courses: D. Pharma, B.Sc. (Microbiology), BCA, B.Com. (Computer), BBA, B.A. LL.B., LL.B.
Traditional Courses: B.A., B.Sc. (ZBC), B.Com.
Eligibility: Eligibility to all the courses is as per the directives of the U.P. Government.
College Of Pharmacy, Management, Science, Commerce, Law & Arts
Admission Open
*Proposed
Head Office: Near Chamunda Mandir, Jatan, Bijnor-246701 (U.P.)
01342-262272 9412217505/506/507/508
www.pharmacymdcollege.com, www.srct-mdbijnor.com, pharmacymdcollege@gmail.com, lawmdcollege@gmail.com, bjosrct@gmail.com, bijnormdc@gmail.com

# पुस्तकालय के चुनाव में उमापति गर्ग अध्यक्ष व प्रदीप डेजी मंत्री चुने गये



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के बाजार कल्लूगंज स्थित सरस्वती पुस्तकालय का चुनाव बलराम राजवंशी, विश्वास द्विवेदी, शिव कुमार, अमित त्यागी की देख रेख में गुरूवार को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष रूप से चुनाव संपन्न हुआ। पुस्तकालय में सुबह 7 बजे से 1 बजे तक वोट की प्रक्रिया चलती रही। शांतिपूर्ण गहमागहमी के चलते चुनाव प्रक्रिया पूरी हुई। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु उमापति गर्ग को 277 वोट मिले, जबकि पीयूष अग्रवाल को 217 वोट प्राप्त हुए। वहीं मंत्री पद पर प्रदीप डेजी, मधुर गर्ग व हरीओम सिंघल में कांटे की टक्कर थी। जिसमें प्रदीप डेजी को 289, मधुर गर्ग को 165 वोट तथा हरिओम सिंघल को 15 वोट मिले। प्रदीप डेजी ने मंत्री पद पर अपना कब्जा बरकरार रखा। कुल पड़ने वाले वोटों की संख्या 510 रही। उल्लेखनीय है कि उमापति गर्ग पुस्तकालय के 14 वीं बार अध्यक्ष चुने गये हैं। उमापति गर्ग ने पुस्तकालय के विकास व उत्थान के लिए हमेशा समर्पित रहते पूर्व में अपने परिवार की ओर से पुस्तकालय को पूरा कम्प्यूटर सिस्टम दान दिया था। मंत्री पद पर पिछले कई चुनावों से लगातार चुने जा रहे प्रदीप डेजी भी एक बार फिर पुस्तकालय के मंत्री चुने गये है। पुस्तकालय के अध्यक्ष उमापति गर्ग व मंत्री प्रदीप डेजी का पुस्तकालय की पूरी कार्यकारिणी ने फूल-मालाओं से स्वागत कर उन्हें जीत की बधाई दी है।

# किसानों ने की बिजली व्यवस्था सही कराने व आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग



नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन कृषि क्रांति अराजनैतिक संगठन के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि किसान देश का अन्नदाता है, अगर किसान चारों ओर से समस्याओं से घिरा रहेगा तो अन्न कैसे पैदा होगा। उन्होंने क्षेत्र में चल रहे अवैध मिट्टी के खनन व ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करने, क्षेत्र में बढ़ते हुए अतिक्रमण पर रोक लगाने, जून में बारिश कम होने से सूखे की संभावना को देखते हुए किसानों को सिंचाई हेतु नहरों में पानी उपलब्ध कराने, बढ़ती हुई बिजली कटौती व आएदिन ओवरलोड के चलते ट्रांसफर फुंकने व तारों में फाल्ट की समस्या का हल कराने, मुख्यमंत्री के आदेशानुसार शहरी इलाकों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति दिलाने, क्षेत्र में बड़ी संख्या में आवारा कुत्तों के काटने की घटनाओं को देखते हुए कुत्तों को पकड़वाकर सीमा से बाहर कराने आदि की मांगें की गई। समस्याओं का शीघ्र समाधान ना होने पर आंदोलन की बात कही गई। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतजार मूसा, सरताज जौहरी, निहाजुद्दीन, हैप्पी शर्मा, अर्जुन शर्मा, फैजान, मंसूरी, जावेद, मौ. रिजवानी, अब्दुल वहीद, उवैस रहमान, फय्याज, फहीम मिर्जा, तुलाराम सिंह तोमर, दिलशाद अली, मीडिया प्रभारी मौ. अदनान, इकराम व सरफराज अहमद मौजूद रहे।

# भरत तिवारी हत्याकांड की उच्चस्तरीय जाँच की मांग

## ब्राह्मण समाज ने डीएम को दिया ज्ञापन




**बिजनौर (चिंगारी)।** बिहार राज्य में भरत तिवारी की पुलिस द्वारा कथित मुठभेड़ (हत्याकांड) को लेकर बिहार ही नहीं, उत्तर प्रदेश के ब्राह्मण समाज में भी व्यापक आक्रोश व्याप्त है। इसी संदर्भ में बिजनौर जनपद के ब्राह्मण समाज द्वारा महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम एक ज्ञापन बिजनौर जिलाधिकारी को दिया गया। ज्ञापन में ब्राह्मण समाज ने राष्ट्रपति महोदया से भरत तिवारी एनकाउंटर (हत्या) की उच्च स्तरीय जाँच कराने तथा दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की माँग की है। ब्राह्मण समाज का मानना है कि इस प्रकरण की सीबीआई या किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी द्वारा उच्च स्तरीय निष्पक्ष जाँच कराई जाए तथा दोषी पुलिसकर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर सजा दिलवाई जाए। जिलाधिकारी को ज्ञापन देने वालों में अभाब्रा महासभा (रा.) के प्रदेश प्रवक्ता लोकेश भारद्वाज, जिलाध्यक्ष पं. राजवीर शर्मा, लवकुश शर्मा, ब्राह्मण महासभा (पंजी.) के नगर अध्यक्ष डॉ. अशोक शर्मा, पं. संजय हरित (महामंत्री), युवा एकता मंच से शोभित शर्मा, महिला प्रकोष्ठ से श्रीमती शोभारानी शर्मा, राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के जिलाध्यक्ष पं. विभोर कौशिक, पं. तुषार शर्मा (न. अध्यक्ष), पं. गजेंद्र कुमार शर्मा, सभासद पं. नीरज शर्मा, पं. पवन कुमार शर्मा (एड.), पं. चंद्रभानु शर्मा, पं. संदीप कौशिक, पं. अभिषेक पाराशर, पं. पराग शर्मा, पं. इंद्रमणि शर्मा, पं. सर्वेश शर्मा, श्रीमती गीता, श्रीमती नरेशबाला, श्रीमती शशी शर्मा, पं. कल्याणदत्त शर्मा, पं. विशाल शर्मा, पं. कौशल शर्मा, पं. निमेश शर्मा, पं. सिद्धार्थ शर्मा, पं. मोहित शर्मा, पं. विकास भारद्वाज (एड.), पं. दिनेश शर्मा, पं. प्रिंस शर्मा आदि प्रमुख रहे।

# नजीबाबाद के आदर्शनगर में मकान से 225 लीटर पेट्रोलियम पदार्थ बरामद



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद क्षेत्र के आदर्शनगर के एक मकान में चल रहे तेल के अवैध कारोबार की सूचना पर प्रशासन की टीम ने छापा मारकर 225 लीटर पेट्रोलियम पदार्थ बरामद किया। एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आदर्शनगर में पेट्रोलियम पदार्थ के अवैध कारोबार की सूचना पर राजस्व व पूर्ति विभाग की टीम ने गुरूवार को छापा मारा। टीम ने आदर्शनगर स्थित मकान से 155 लीटर डीजल व करीब 70 लीटर अन्य पेट्रोलियम पदार्थ बरामद किया। बरामद 70 लीटर द्रव एथेनॉल या थिनर माना जा रहा है। इस दौरान टीम ने मकान से डेढ़ दर्जन प्लास्टिक के केन, ड्रम व पाइप भी बरामद किए। नायब तहसीलदार अमित कुमार, पूर्ति निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार वर्मा व आबकारी निरीक्षक त्रिवेणी प्रसाद मौर्य की टीम के पहुंचने से आरोपी भाग निकला। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि जिस मकान से तेल का अवैध कारोबार संचालित हो रहा था, वह सत्येंद्र उर्फ टकला का है। पूर्ति विभाग की ओर से पुलिस को तहरीर सौंपी गई है। उल्लेखनीय है कि आदर्शनगर में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन व भारत पेट्रोलियम के डिपो से पेट्रोलियम पदार्थ लेकर जाने वाले टैंकरों की लगातार आवाजाही रहती है। यहां से मुरादाबाद मंडल सहित कई क्षेत्रों में पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति की जाती है। टैंकरों से तेल चोरी की कई घटनाओं का पहले भी खुलासा हो चुका है।

# कोचिंग व ट्रेनिंग सेंटरों की अग्नि सुरक्षा के तहत चैकिंग की

नजीबाबाद (चिंगारी)। मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय के अनुपालन में फायर स्टेशन नजीबाबाद के अंतर्गत कोचिंग सेंटर/ट्रेनिंग सेंटर में अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रभारी अग्निशमन केंद्र नजीबाबाद एवं अपराध निरीक्षक के साथ चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके तहत नाइस कोचिंग सेंटर सुरेश विहार, नाइस लाइब्रेरी सोबती मार्केट, अमेरिकन इंस्टीट्यूट सोबती मार्केट, एमसीआईटी कंप्यूटर सेंटर सोबती मार्केट, लाइब्रेरी सोबती मार्केट, लाइब्रेरी सुरेश विहार कॉलोनी आदि में जागरुक अभियान चलाकर मॉक ड्रिल कराई गई।

# राहगीरों को शर्बत पिलाया

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर सैद निवासी वसीम इदरीशी ने मंडावली थाने के सामने आने-जाने वाले राहगीरों को गर्मी से बचाने के लिए शरबत पिलाया। वसीम इदरीशी ने बताया कि इस समय बहुत गर्मी हो रही है। गर्मी में लोग बेहाल हो रहे है। गर्मी को देखते हुए उन्होंने शरबत पिलाने के कार्यक्रम का आयोजन किया। उधर से गुजरने वाले राहगीरों ने शरबत पीकर अपनी प्यास को दूर किया। वसीम इदरीशी के द्वारा कराए गए इस कार्य की लोगों ने प्रशसा की।


मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)



1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुठ्ठियां कसना, आंखें पथराना



डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब



M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)


1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


# मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती का स्मृति दिवस मनाया गया



नजीबाबाद (चिंगारी)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नजीबाबाद में मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का 61 वां स्मृति दिवस मनाया गया। इस मौके पर ब्रह्माकुमारी शालू बहन ने मातेश्वरी के विषय में उनकी विशेषताओं को सभी के सामने प्रस्तुत करते हुए कहा मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती, जिन्हें ब्रह्माकुमारी परिवार में प्रेम से मम्मा कहा जाता है, ब्रह्माकुमारी संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका थीं। बचपन से ही उनमें आध्यात्मिकता, पवित्रता, शांति और सेवा की विशेष भावना थी। जब उन्होंने ब्रह्मा बाबा (दादा लेखराज) के संपर्क में आकर ईश्वरीय ज्ञान ग्रहण किया, तब उनका जीवन पूर्ण रूप से ईश्वर सेवा के लिए समर्पित हो गया। इस मौके पर बीनू, माताजी वैष्णवी, उमेश, अनीता, मंजू माताजी आदि मौजूद रही।

# बिजनौर में परम्परागत ढंग से निकाला गया अलम का जुलूस

## अकीदतमंदों ने इमाम हुसैन की याद में पेश किया खिराज-ए-अकीदत

## विभिन्न स्थानों पर लगीं सबीलें और शरबत-दूध के शिविर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मोहर्रम की नवीं तारीख पर शहर का माहौल ग़म और अकीदत से सराबोर रहा। अंजुमन सरकारी हुसैनी के तत्वावधान में पारंपरिक अलम का जुलूस नगर के विभिन्न मार्गों से होकर निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में अज़ादारों और सौगवारों ने शिरकत कर हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों को याद करते हुए मातम और नोहाखानी की। जुलूस से पूर्व मोहल्ला काजीपाड़ा स्थित मरहूम अली अब्बास के इमामबाड़े में मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना कमाल ताहिर ने कर्बला की शहादत, इंसानियत, सब्र और हक़ की राह पर चलने के संदेश को विस्तार से बयान किया।

मजलिस के बाद आलम का जुलूस अपने निर्धारित मार्ग पर रवाना हुआ। जुलूस काजीपाड़ा से शुरू होकर बाजार संभा, सराफा बाजार, घंटाघर और बुल्ला के चौराहे से गुजरता हुआ बुखारा स्थित इमामबाड़े पर जाकर संपन्न हुआ। पूरे मार्ग पर अज़ादारों ने नोहाखानी और मातम कर कर्बला के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जुलूस में अंजुमन सरकारी हुसैनी बुखारा, अंजुमन शान-ए-हैदरी सिरथनी सादात, अंजुमन जुल्फिकार-ए-हैदरी खोडपुरा सादात तथा अंजुमन अब्बासिया पेदी सादात सहित विभिन्न अंजुमनों के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। नोहाख्वानों द्वारा पेश किए गए दर्द भरे नौहों से माहौल




गमगीन हो उठा। घंटाघर क्षेत्र में अज़ादारों ने जंजीरों एवं छुरियों का मातम कर अपनी अकीदत का इजहार किया।

साईं मंदिर के निकट शैवन बिजनौरी के पुत्र आसिफ अक्काशी ने जुलूस में शामिल लोगों को शरबत पिलाकर खैरमकदम किया। सदर बाजार में शरफुद्दीन के आवास के बाहर भी स्वागत शिविर लगाया गया, जहां अज़ादारों को शरबत वितरित किया गया। घंटाघर क्षेत्र में पत्रकार आकिफ अंसारी और उनकी टीम ने जुलूस में शामिल लोगों को दूध पिलाया। वहीं ब्लू स्टार टेलर के सामने नगर पालिका परिषद की ओर से विशेष स्वागत शिविर लगाया गया, जहां अज़ादारों को दूध वितरित किया गया। इस शिविर की व्यवस्था सभासद जुल्फ़ुकार बेग उर्फ बेबी और आदिल एडवोकेट के नेतृत्व में की गई। मानव अधिकार संगठन के अध्यक्ष नसीम अहमद और उनकी टीम ने भी शरबत वितरण कर श्रद्धालुओं की सेवा की।

### इन लोगों ने संभाली व्यवस्थाएं

**जुलूस के सफल संचालन में अंजुमन के सचिव अफरोज नक़वी, जाफर हसनैन उर्फ गुड्डू अजहर हसनैन, तनवीर रजा, रईस हैदर, कामरान जैदी, मोहम्मद मेहंदी, इमरान बाकर एडवोकेट, जमाल अब्बास, कमर अब्बास सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मोहर्रम की नवीं तारीख पर निकला यह जुलूस शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। पूरे शहर में ग़म, अकीदत और भाईचारे का संदेश देखने को मिला, जबकि सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नज़र आया।**

DMF
धारा मोटर फ़ाइनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

## गौ, गंगा, गायत्री के प्रति समर्पित रहें- हुकुम सिंह शास्त्री

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गायत्री शक्ति पीठ पर आयोजित यज्ञ में गौ, गंगा, गायत्री के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया गया। गायत्री जयंती, गंगा अवतरण दिवस और गुरुदेव के महाप्रयाण दिवस पर शक्ति पीठ पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हुकुम सिंह शास्त्री और बिजेन्द्र राठी ने यज्ञ कराया। ओमपाल सिंह और उनकी सहधर्मिणी हृदयेश सिंह यजमान रहे। हुकुम सिंह शास्त्री ने गायत्री मंत्र के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गायत्री मंत्र के निरंतर जाप से मानव को हर प्रकार के सुख-समृद्धि और शांति की प्राप्ति हो सकती है। बिजेन्द्र राठी ने गंगा अवतरण दिवस, गायत्री जयंती और परमपूज्य गुरुदेव के महाप्रयाण



दिवस पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों को सचेत किया कि गंगा में स्नान करते समय उसकी पवित्रता को बनाए रखें। गंगा के पानी में कपड़े न धोएं। यदि कोई ऐसा करता दिखाई दे तो उसे सचेत करें। हवन के अवसर पर देवराज त्यागी और ऊषा त्यागी के विवाह दिवस पर विशेष मंत्रों से आहुतियां देकर आशीर्वाद दिया गया। लखनऊ में हुए अग्निकांड में 15 बच्चों की दुखद मृत्यु पर गहरा शोक जताया गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए आहुतियां देकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यज्ञ में सतीशचन्द्र शर्मा, अशोक शर्मा, राजवर्धन भटनागर, गौरव भटनागर, राम गुप्ता, विनय कुमार चौहान, ओमकार त्यागी, रेवादत्त शर्मा, नरेश वालिया, उर्मिला, जयप्रकाश आर्य, शिव सिंह धनगर, शौर्य, दीप्ति शर्मा, सुधा शर्मा, कार्तिक राजपूत, राम गुप्ता, शुभाशीष विश्नोई, प्रदीप कुमार सैंगर, साधना, अनिता शर्मा, मिथिलेश, रुकमेश, नरेंद्र शर्मा, अनिता शर्मा समेत अनेक श्रद्धालुओं ने आहुतियां प्रदान कीं।

## ज्वैलर्स की दुकान से हुई चोरी का खुलासा, युवती समेत महिला बाल अपचारी गिरफ्तार

**शेरकोट ( चिंगारी )।** बुधवार को मुख्य बाजार स्थित ज्वैलर्स की दुकान से नाक में पहनी जाने वाली सोने की लौंग चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक युवती सहित एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंकज वर्मा मुहल्ला हलवाईयान स्थित बाजार में ज्वैलरी की दुकान करते हैं। उन्होंने बताया कि 24 जून को उनकी दुकान से ग्राहक बनकर आयी दो अज्ञात युवतियां लगभग दो लाख रुपए मूल्य की सोने की नाक की लौंग का एक पत्ता चुराकर ले गई थीं। कुछ देर बाद पता लगने पर दुकानदार द्वारा उन्हें काफी



तलाश किया गया, परंतु उनका पता नहीं लग पाया। सीसीटीवी फुटेज चैक करने पर उसमें युवती दिखाई दी। दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चोरी करने वाली युवतियों की तलाश शुरू की। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि विवेचना के दौरान पुलिस ने 22वर्षीय विशाखा पुत्री खूब सिंह निवासी थाना बढ़ापुर तथा एक महिला बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार किया और उनके कब्जे से चोरी हुई 24 पीली धातु की नाक की लौंग बरामद हुई। साथ ही पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्कूटी को भी कब्जे में लिया गया। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों का चालान कर न्यायालय भेज दिया।

## मंडावली में खराब पड़े दो हैडपम्प डीएम से सही कराने की मांग

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली निवासी पंकज त्यागी ने डीएम जसजीत कौर को एक प्रार्थना पत्र देकर मंडावली में इण्डेन गैस एजेंसी व हनुमान मंदिर के पास लगे खराब पड़े सरकारी हैंडपंपों को सही कराने की मांग की है। पंकज त्यागी ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर लगे उक्त हैडपम्प पिछले काफी समय से खराब पड़े हैं। इण्डेन गैस एजेंसी कार्यालय के पास में बैंक व स्कूल भी है। जहां पर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या क्षेत्र के लोग अपने कार्य से आते रहते हैं। दोनों हैंडपंपों के पास से गुजरने वाले ग्रामीण गर्मी में इस कारण पानी पीकर अपनी प्यास नहीं बुझा पा रहे है। इसके अलावा कई घर ऐसे है जहां पानी इन्हीं हैंडपंपों से जाता है। हैंडपंपों के खराब होने की स्थिति में उन्हें पानी दूर से भरकर लाना पड़ रहा है। इस समय भयंकर गर्मी का प्रकोप चल रहा है। पंकज त्यागी ने जनहित को दृष्टिगत रखते हुए डीएम से जल्द से जल्द दोनों हैंडपंपों को सही कराने की मांग की है। जिससे ग्रामीणों के साथ राहगीरो को राहत मिल सके।

## गायत्री जयंती व गंगा दशहरा पर्व पर नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ

नजीबाबाद (चिंगारी)। शांतिकुंज जोनल कार्यालय गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा पर्व उल्लास से मनाया गया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने गौरी-गणेश पूजन, देव आवाहन, स्वस्तिवाचन कराते हुए नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ में विश्व कल्याण की कामना से गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र एवं वैदिक मंत्रो से आहुतियां लगवाई। मुंडन संस्कार, अन्न प्राशन संस्कार, पुसंवन संस्कार संपन्न कराए गए। डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि मां गायत्री व्यक्ति के मन को पवित्र करती है ,जबकि गंगा व्यक्ति के मन को स्वच्छ करती है। गंगा दशहरा एवं गायत्री का अवतरण पर्व एक ही दिन मनाया जाता है। नीलम बरनबाल ने शंखनाद किया। कामेश शर्मा, पुष्पा शर्मा, सुमन वर्मा, सारिका अग्रवाल ने प्रेरणाप्रद गीत प्रस्तुत किये। श्रीमती आदेश, सुरेंद्र सिंह, श्रीमती आशा, डॉ. सचिन, श्रीमती सीमा ओमपाल ने मुख्य पूजन किया। राज भटनागर, हरीश शर्मा,एचपी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## अग्निकांड में 15 छात्रों की मौत पर दुख जताया

नजीबाबाद (चिंगारी)। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अबरार अहमद ने लखनऊ के कोचिंग सेंटर में अग्निकांड में 15 छात्रों की मौत पर दुखी मन से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह एक बहुत ही दिल को दहलाने वाला हादसा है। जिसको बयां करने के लिए उनके पास शब्द नहीं है, वह अल्लाह से दुआ करता हूं कि इस अग्निकांड में जो बच्चे शहीद हुए हैं, अल्लाह उनके घर वालों तथा उनके अजीज व अकारिब को यह दुख सहने की ताकत अता फरमाए। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इसकी निष्पक्ष जांच कर गुनहगार को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। इस अग्निकांड में शहीद हुए बच्चों के परिवारों को एक-एक करोड रुपए की धनराशि दी जाए।

# कार्यालय - जिला कार्यक्रम अधिकारी, बिजनौर।

पत्रांक सी-487 / जि.का.अ./ आं.बा.चयन विज्ञापन / 2026-27/ दिनांक- 24-06-2026

## विज्ञापन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है शासनादेश सं0-2025/3313/58-1-2025 (1917687), दिनांक: 17 सितम्बर 2025 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद बिजनौर के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रियों के तहत विभागीय वेब साइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का वार्डवार / परियोजनावार विवरण निम्नवत है।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | ग्रामीण / शहरी | आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदो की संख्या | आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदो की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | शहर बिजनौर | शहरी | 5 | 28 |
| 2 | मौ0पुर देवमल | ग्रामीण | 16 | 15 |
| 3 | हल्दौर | ग्रामीण | 9 | 21 |
| 4 | खारी झालू | ग्रामीण | 21 | 20 |
| 5 | जलीलपुर | ग्रामीण | 34 | 23 |
| 6 | नूरपुर | ग्रामीण | 31 | 13 |
| 7 | अफजलगढ़ | ग्रामीण | 18 | 22 |
| 8 | स्योहारा | ग्रामीण | 19 | 12 |
| 9 | धामपुर | ग्रामीण | 24 | 30 |
| 10 | नहटौर | ग्रामीण | 15 | 12 |
| 11 | किरतपुर | ग्रामीण | 10 | 13 |
| 12 | नजीबाबाद | ग्रामीण | 39 | 31 |
| 13 | कोतवाली | ग्रामीण | 27 | 20 |
| | कुल योग | | 268 | 260 |

उपरोक्त पदों का ग्राम सभा / वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील, एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है साथ ही विभागीय वेबसाइट
http://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

**विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश:-**

1-विज्ञप्ति पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगीं।

2-रिक्त पदों आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आंगनबाड़ी सहायिका हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट या समकक्ष एवं अधिकतम शैक्षिक योग्यता परास्नातक के आधार पर मेरिट तैयार की जायेगी। इसी प्रकार ग्रेडिंग एवं सीजीपीए पद्धति में प्राप्त अंक भी आगणित किये जायेंगें। मेरिट सूची तैयार करने में दशमलव के तीन अंकों तक गणना की जायेगी। दशमलव के बाद के किसी भी अंक को पूर्णाकिंत नहीं किया जायेगा। यदि एक से अधिक अभ्यर्थी समान अंक प्राप्त करते है तो अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी। यदि एक से अधिक अभ्यर्थियों के अंक व आयु भी समान हो तो अधिक शैक्षिक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी।

3- शासनादेश सं0-2025/3313/58-1-2025(1917687), दिनांक: 17 सितम्बर 2025 के अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आंगनबाड़ी सहायिका के चयन में वरीयता क्रमश: उसी ग्राम सभा की निवासी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला को है, यदि इनमें से कोई पात्र महिला द्वारा आवेदन नहीं किया जाता है तो उसी ग्राम सभा की निवासी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली परिवार की महिला (बी0पी0एल0) को प्राथमिकता प्रदान क जायेगी, यदि इस प्रकार की पात्र महिला नहीं मिलती है तो गरीबी रेखा से ऊपर जीवन यापन करने वार्ल विधवा/परित्यक्ता / तलाकशुदा महिला को प्राथमिकता दी जायेगी, यदि ऐसी कोई पात्र महिला आवेदन नहीं करती है तो उर्स ग्रामसभा की सामान्य महिला को सर्वाधिक मेरिट के आधार पर प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।

4- विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी / सम्बन्धित नगर निकाय द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण-पत्र एवं परिवार पंजिका की प्रमाणित नकल मान्य होंगी एवं तलाकशुदा / परित्यक्ता के संबंध में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत विधिक आदेश मान्य होंगे।

5- आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड / ग्राम सभा को स्थाई निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित न्याय पंचायत मे से उपरोक्तानुसार श्रेणीवार चयन किया जायेगा।

6- आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध फॉर्मेट पर ऑनलाइन व सही-सही सावधानी पूर्वक भरे जायेंगे। आवेदिका द्वार अभिलेखों की स्व-हस्ताक्षरित प्रति जो स्वच्छ व पठनीय हो, अपलोड की जायेगी, जिनका उल्लेख उनके द्वारा ऑनलाइन फार्म में किया गया होगा। कोई भी आवेदन या अभिलेख / प्रपत्र ऑफलाइन या डाक द्वारा मान्य नहीं होंगे। यदि आवेदन करने में कोई त्रुटि होती है या कोई तथ्य/आंकड़े/ शैक्षिक अभिलेखों के प्राप्तांक / पूर्णांक गलत या कूटरचित पाए जाएंगे, तो अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

7- आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि 01.01.2026 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

8- विज्ञप्ति पदों हेतु केवल विभागीय बेवसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होंगे। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/ स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

9-विज्ञप्ति पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 15.07.2026 मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।

10-रिक्त पदो की संख्या घट-बढ़ सकती है। रिक्त पदो पर किसी भी प्रकार की भर्ती करने या न करने का अंतिम निर्णय चयन समिति के निर्णय के आधीन होगा।

11-उपरोक्त विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालयदिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**( विमल कुमार चौबे )**
**जिला कार्यक्रम अधिकारी बिजनौर।**

# नजीबाबाद में भाजपा में सबसे अधिक दावेदार

# सब टिकट के लिये बेकरार

## अभी से कर रहे धुआंधार चुनाव प्रचार

–नौशाद मुल्तानी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। विधानसभा चुनाव में अभी काफी समय बाकी है। मगर नजीबाबाद में खासकर भारतीय जनता पार्टी से चुनाव लड़ने के लिए सर्वाधिक दावेदार बेकरार हैं। भाजपा के साथ ही आजाद समाज पार्टी व समाजवादी पार्टी के दावेदारों ने भी चुनाव प्रचार जोर-शोर से शुरू कर दिया है।

उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 जनवरी-फरवरी महीने में होना निर्धारित है। हालांकि यह भी चर्चा है कि विधानसभा चुनाव समय से पहले 2026 में नवम्बर-दिसम्बर माह में भी कराये जा सकते हैं, जिसे लेकर टिकट के दावेदारों ने जोड़-तोड़ तेज कर दी है।



नजीबाबाद विधानसभा में इस बार भारतीय जनता पार्टी और आजाद समाज पार्टी का टिकट मांगने वालों की लम्बी फेहरिस्त है। पिछले तीन चुनावों में नजीबाबाद विधानसभा में दो बार सपा व एक बार बसपा की भाजपा से टक्कर हुई है। भाजपा प्रत्याशी हर बार दूसरे नम्बर पर रहा है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा पूर्व में वर्तमान विधायकों के टिकट ना काटे जाने की बात कहने से विधायक हाजी तसलीम अहमद को ही सपा का टिकट मिलने की संभावना है, जबकि सपा से टिकट के अन्य दावेदारों का कहना है कि नजीबाबाद सीट पर अभी किसी का टिकट फाइनल नहीं हुआ है, इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष पुन: समीक्षा करेंगे।

भाजपा, आसपा व सपा, तीनों पार्टियों के दावेदारों ने क्षेत्र का दौरा करने के साथ ही फ्लेक्सी व दीवार लेखन से पूरा क्षेत्र पाट दिया है। किसी प्रतिष्ठान का उद्घाटन हो या अन्य कोई कार्यक्रम, टिकट के दावेदार किसी को निराश नहीं कर रहे। कई जगह तो बिना बुलाये भी पहुंच रहे हैं। शवयात्रा और आरिष्टी कार्यक्रम में नेताओं की भरमार देखी जा रही है। नेता हर किसी का दुख-दर्द बांटते नजर आते हैं। जिन नेताओं की लोगों ने वर्षों से शक्ल नहीं देखी थी, वे भी आजकल हर जगह नज़र आ रहे हैं। अपने जरूरी काम छोड़कर नेताओं को आम जनता की फिक्र होने लगी है।

क्षेत्र में कहीं कोई घटना होती है तो सभी पार्टियों के नेता विशेषकर टिकट के दावेदार मौके पर जल्दी से जल्दी पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। नेताओं/टिकट के दावेदारों की सक्रियता देखकर ऐसा लग रहा है जैसे चुनाव होने ही वाले हैं।

### भारतीय जनता पार्टी से टिकट के दावेदार

पूर्व प्रत्याशी राजीव अग्रवाल,
ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल,
राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता अग्रवाल,
धामपुर की पूर्व चेयरपर्सन लीना सिंघल,
व्यापारी लवी अग्रवाल,
उद्योगपति तरूण राजपूत,
वरिष्ठ कार्यकर्ता विक्रम सिंह खोबे,
भाजपा सभासद इरशाद अहमद,
बिजनौर के पूर्व चेयरमैन डॉ. नवनीत गर्ग,
क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर,
पूर्व जिला महामंत्री विकास अग्रवाल,
गायत्री निराला, परमजीत सिंह पम्मा।

### आजाद समाज पार्टी से टिकट के दावेदार

नजीबाबाद चेयरमैन इंजी. मुअज्जम,
साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी,
पूर्व ब्लॉक प्रमुख अबरार आलम,
असपा के संस्थापक सदस्य मकसूद चौधरी,
सभासद मौ. अच्छन राईन,
सांसद प्रतिनिधि फहीम अंसारी,
इंजीनियर मनोहर लाल।

### विधानसभा चुनाव-2012

| | |
|---|---|
| बसपा प्रत्याशी तसलीम अहमद - | 62713 |
| भाजपा प्रत्याशी राजीव अग्रवाल - | 51130 |
| रालोद प्रत्याशी अबरार आलम - | 30885 |

### विधानसभा चुनाव-2017

| | |
|---|---|
| सपा प्रत्याशी तसलीम अहमद - | 81082 |
| भाजपा प्रत्याशी राजीव अग्रवाल - | 79080 |
| बसपा प्रत्याशी जमील अंसारी - | 45074 |

### विधानसभा चुनाव 2022

| | |
|---|---|
| सपा प्रत्याशी तसलीम अहमद- | 102675 |
| भाजपा प्रत्याशी भारतेंद्र सिंह- | 78905 |
| बसपा प्रत्याशी शाहनवाज आलम- | 44727 |

### समाजवादी पार्टी से टिकट के दावेदार

विधायक हाजी तसलीम अहमद,
वरिष्ठ नेता मौ. फुरकान खान,
पूर्व जिला महासचिव डॉ. महमूद अहमद भोलू,
पूर्व सपा जिलाध्यक्ष जमील अंसारी,
पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष हाजी रफीक अंसारी,
साहनपुर के पूर्व चेयरमैन मेराज अहमद।

---

## लीना सिंघल के नेतृत्व में भाजपा को समर्थन देने का ऐलान

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। भाजपा नेत्री लीना सिंघल के जनसंपर्क कार्यालय पर अंतरराष्ट्रीय विश्व दलित परिषद के अध्यक्ष भूपेंद्रपाल सिंह चमार एवं महामंत्री बेगराज सिंह चमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा को समर्थन देने का ऐलान किया। इस अवसर पर भूपेंद्रपाल सिंह ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार ऐसी सरकार बनी है जो समाज के हर वर्ग के लिए कार्य कर रही है। दलितों के सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्प है। बाबा साहब अंबेडकर को भारत रत्न देकर दलितों का मान-सम्मान बढ़ाया है। भूपेंद्रपाल ने कहा विश्व दलित परिषद के कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनाव में लीना सिंघल के नेतृत्व में भाजपा को समर्थन देंगे तथा घर-घर जाकर प्रचार करेंगे। इस अवसर पर भाजपा नेत्री लीना सिंघल ने सभी का स्वागत करते हुए उनको धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में नामदेव समाज के अध्यक्ष मदन गोपाल टांक, संजय टांक, कोमल सिंह हल्दिया, शशि बाला, अंजू कुमारी, विष्णु कुशवाहा, मनोज शर्मा, शिवकुमार जोशी, कपिल चौधरी, शिवम राजपूत आदि उपस्थित रहे।



## महिला ने पड़ोसियों पर घर में घुसकर हमला करने का आरोप लगाया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। नगर के मौहल्ला जाब्तागंज निवासी तमन्ना पुत्री इरफान ने थाना प्रभारी को दी तहरीर में कहा कि 24 जून 2026 को सुबह पड़ोस के चार लोग उसके घर में घुस आये तथा उसके साथ गाली-गलौच करने लगे, विरोध करने पर एक राय होकर उस पर व उसकी बहन मुस्कान पर लात-घूंसों से हमला कर दिया तथा उसकी बहन के गले पर ब्लेड मारकर उसे घायल कर दिया। शोर मचने पर वहां मौहल्ले के काफी लोग जमा हो गये, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। महिला ने उक्त आरोपियों से अपनी व परिवार की जान को खतरा बताते हुए दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की।

## धोखाधड़ी के आरोपी के ख़िलाफ़ कार्रवाई कराने की मांग

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। मंडावली क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर सैद उर्फ भुड्डी के ग्रामीणों ने गांव निवासी व्यक्ति द्वारा सरकारी अधिकारी से उनके ऑफिस में घुसकर मारपीट कर उन्हें जान से मारने की कोशिश करने व सरकारी कार्य में बाधा डालने वाले आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त आरोपी पर उत्तराखंड में धोखाधड़ी के कई मुकदमे चल रहे हैं। वह सन् 2014 में पीएनबी बैंक से 1 करोड़ की धोखाधड़ी के केस में शाखा मैनेजर के साथ थाना सिड्कुल, जनपद हरिद्वार से जेल जा चुका है। पिछले वर्ष ग्राम मिर्जापुर सैद उर्फ नयागांव के ही ग़रीब लोगों की ज़मीन पर उसने रसूख के बल पर क़ब्ज़ा किया था, उस मामले में भी उक्त आरोपी व उसके साथियों पर 9 गंभीर धराओं में मुक़दमा दर्ज हुआ था। पीएनबी चौक बाज़ार शाखा से आरोपी की पत्नी ने लोन लिया था, जिसमें 1 करोड़ से ज्यादा की आरसी कटी हुई है। उक्त आरोपी की भी करीब एक करोड़ से ऊपर की इसी बैंक से आरसी कटी हुई है। इस मामले में डीएम ने 5 मार्च 2020 को इसकी संपत्ति कुर्क के आदेश किए थे। इसके बावजूद न तो संपत्ति कुर्क हुई न हुई कोई पैसा जमा किया गया। आरोपी के पास लोन पर कई बाइक व कार हैं, जो कोई ड्राइवर तो कोई पड़ोसी व परिवार के अन्य सदस्यों के नाम पर है। इन वाहनों की आरोपी कोई किश्त जमा नहीं करता। गांव वालों का कहना है कि आरोपी को किसी बड़े नेता का संरक्षण प्राप्त है।

## महिला ने सीएम से लगाई भूमाफिया का जमीन से अवैध कब्जा हटाने की गुहार

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन में भ्रष्टाचार पर जीरो टोलरेंस की नीति के बावजूद एक महिला की जमीन पर भूमाफियों ने कब्जा कर रखा है तथा पीड़िता को न्याय नहीं मिल पा रहा है। मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम कुन्दनपुर निवासी पीड़िता विमला देवी पत्नी खेमराज सिंह सिरोही ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि गांव में उसकी 50 बीघा जमीन पर भूमाफियों ने दंबगई दिखाकर अवैध कब्जा कर रखा है। पीड़ित परिवार छह माह से कमिश्नर व डीआईजी मुरादाबाद, डीएम व एसपी बिजनौर, तहसील बिजनौर सहित ना जाने कितने अधिकारियों को अपनी शिकायत भेजकर न्याय की गुहार लगा चुकी है। मगर अभी तक भूमाफियों के खिलाफ कार्रवाई कर उसकी जमीन खाली कराकर उसे न्याय नहीं दिलाया गया है। उक्त महिला का परिवार गांव के भूमाफियाओं से काफी भयभीत है। कोई भी किसान उनके सामने व पीछे बोलने को तैयार नहीं है। महिला ने बताया कि भूमाफियों द्वारा कब्जा की गई जमीन उसने 3 जुलाई 2022 को क्रय की थी, तभी से विक्रेतागण व क्रेतागण बैनामा व दाखिल खारिज के आधार पर उक्त आराजी पर काबिज चले आ रहे हैं।

# एसडीएम के आदेश को धता बताकर दबंगों ने पुनः निर्माण शुरू किया

## पुलिस ने फिलहाल निर्माण रुकवाया



**शेरकोट ( चिंगारी )।** कानून को ताक पर रखकर दबंगों द्वारा विवादित भूमि पर निर्माण कर कब्जा किए जाने का मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बनता जा रहा है। मंगलवार को उपजिला अधिकारी के आदेश पर रूकवाया गया निर्माण दबंगों ने पुन: शुरू कर स्थानीय अधिकारियों की कार्यशैली की पोल खोल दी। पीड़ित पक्ष के डायल 112 सहित अन्य अधिकारियों से शिकायत किए जाने के बाद पुलिस ने फिलहाल निर्माण को रूकवा दिया।

गौरतलब है कि नगर के मुहल्ला कोटरा में मदरसे के सामने स्थित एक पट पड़ी भूमि पर मुहल्ला कोटरा निवासी विसाल अहमद, जमाल अहमद और खुर्शीद अहमद, नफीस अहमद के बीच काफी समय से विवाद चल रहा है, जो न्यायालय में विचाराधीन है। मंगलवार को अचानक खुर्शीद पक्ष द्वारा विवादित भूमि पर युद्धस्तर पर निर्माण कार्य शुरू कर भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किये जाने से मुहल्ले में हड़कंप मच गया था। दूसरे पक्ष द्वारा इसकी शिकायत नगर पालिका, पुलिस व अन्य अधिकारियों से किये जाने के बाद भी निर्माण कार्य चलता रहा। पुलिस ने बिना नगर पालिका के निर्माण कार्य रूकवाने में असमर्थता जताई गई थी। शाम पांच बजे उपजिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस ने कार्य को रूकवाकर पुन: निर्माण ना करने की नसीहत की गई थी। बृहस्पतिवार को दबंगों ने तमाम आदेश व कानून को धता बताते हुए पुन: निर्माण शुरू कर दीवार खड़ी कर दी। इस दौरान शिकायत पर डायल 112 मौके पर पहुंची और निर्माण बंद कराने का प्रयास किया, परंतु कार्य जारी रहा। कई घंटे बाद पुलिस ने पहुंचकर निर्माण को बंद कराया, तब तक दीवार खड़ी हो चुकी थी। विसाल अहमद का आरोप है कि न्यायालय में वाद विचाराधीन होने के चलते दूसरे पक्ष द्वारा उन्हें फैसला करने के लिए तरह-तरह से परेशान किया जा रहा है। आरोप है कि इस कार्य में इन लोगों को अधिकारियों का भी संरक्षण प्राप्त है, जबकि निर्माणकर्ता भूमि को अपना बता रहे हैं। भूमि पर निर्माण कर कब्जा किया जाने का ये मामला अब ये सवाल खड़ा कर रहा कि इन दबंगों को आखिरकार किसका संरक्षण प्राप्त है,जो ये योगी सरकार में बेखोफ होकर कानून की धज्जियां उड़ा रहे। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि फिलहाल निर्माण रूकवा दिया गया है।

## निर्जला एकादशी पर शीतल पेय की बोतल बांटीं



**बिजनौर ( चिंगारी )।** निर्जला एकादशी के अवसर पर फकीरचंद खरबंदा की दुकान के सामने श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेय (जीरा) की बोतलों का वितरण किया गया। सेवा कार्य में कपिल भाटिया, गौरव खरबंदा, कमल, उदित वर्मा खरबंदा, बंटी खेड़ा, मनु खेड़ा, सार्थक, कोमल, रिदम, गर्वित, हार्दिक और यश ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजकों ने कहा कि आगे भी धार्मिक पर्वों पर इसी तरह की समाजसेवा जारी रखी जाएगी।

## मेडिकल स्टोर स्वामियों ने पिलाया शर्बत



**बिजनौर ( चिंगारी )।** निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर सिविल लाइन्स स्थित रोहित होटल के निकट मेडिकल स्टोर स्वामियों द्वारा शर्बत वितरण शिविर का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए श्रद्धा, प्रेमभाव और सेवाभाव से राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। इस सेवा कार्य में संजीव कुमार शर्मा, राकेश रस्तौगी, सुशील शर्मा, राजकुमार राणा, संजीव श्रीवास्तव, शैली पंडित, राहुल कुमार, सार्थक शर्मा, अविरल शर्मा आदि मेडिकल स्वामियों का विशेष योगदान रहा।

## बिजनौर सी टीम ने जीता ट्रायल मैच

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नेहरू स्टेडियम बिजनौर में जिला स्तरीय अंडर 14 ट्रायल मैच जिला बिजनौर का अंतिम मैच बिजनौर-ए और बिजनौर-सी के बीच हुआ। बिजनौर क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी उपाध्यक्ष दीपक भटनागर, जॉइंट सेक्रेटरी संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष नागेंद्र कुमार, मिडिया प्रभारी मानव सचदेवा, अजय जैन आदि मौजूद रहे। मैच में बिजनौर-सी ने बिजनौर-ए को 61 से हराया। मैच में बिजनौर-सी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 8 विकेट खोकर 108 रन का स्कोर बनाया, जिसमें लक्ष्य कुमार ने 28, आदि सीमार ने 24 रन बनाये, बिजनौर-ए की ओर से गेंदबाजी करते हुए अदनान और गौरांग बिश्नोई ने तीन-तीन विकेट लिये। जवाबी बल्लेबाजी करते हुए बिजनौर-ए 17 ओवर में 47 रन बना सकी, जिसमें सार्थक ने 5 रन बनाये, बिजनौर-सी की ओर से गेंदबाजी करते हुए योडीत और यश चौधरी ने दो-दो विकेट लिये, अंपायर-चितवन शर्मा और तुषार मलिक रहें।

## दिव्य सेवा संस्थान ने राहगीरों को शर्बत पिलाया

**नगीना ( चिंगारी )। दिव्य सेवा संस्थान के स्वयंसेवकों ने पेट्रोलियम विश्वविद्यालय, देहरादून के प्रशिक्षणार्थियों के साथ छबील लगाकर राहगीरों, रिक्शा चालकों, श्रमिकों तथा आम नागरिकों को शीतल शरबत वितरित किया।**




राहगीरों को शरबत पिलाते दिव्य सेवा संस्थान के कार्यकर्ता।

दिव्य सेवा संस्थान के स्वयंसेविकों ने पेट्रोलियम विश्वविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के साथ मिलकर हरेवली रोड स्थित बुढ़ावाले की चुंगी पर छबील लगाकर राहगीरों को शीतल व मीठा शरबत वितरित किया, जिसे पीकर राहगीरों ने राहत की सांस ली। संस्था के प्रबंधक संजय शर्मा ने बताया कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और तपती गर्मी में प्यासे लोगों को ठंडा पेय उपलब्ध कराना बहुत ही पुण्य का कार्य है। राहगीरों ने भी संस्था द्वारा किए गए इस सेवा कार्य की सराहना की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में दिव्य सेवा संस्थान के स्वयंसेवकों में संजय शर्मा, शिवम अग्रवाल, मनोज आढ़ती, गोपाल सिंह, शीशराम, अनुज पाल व प्रशिक्षणार्थियों में ग्रुप लीड मेहुल सेठी, उदयराज विश्नोई, ध्रुव, देव, नंदनी आदि रहे।

## डा. नीरज चौधरी ने शर्बत पिलाया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर यहां शक्ति चौक पर डॉ. नीरज चौधरी ने शर्बत का वितरण किया। श्री चौधरी ने कहा कि इस भीषण गर्मी में राहगीरों एवं श्रद्धालुओं की सेवा कर मन को अत्यंत संतोष मिला। इस अवसर पर डॉ. नीरज चौधरी का समस्त परिवार एवं स्टाफ मौजूद रहा।

## न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कार्बेट टाइगर रिजर्व में की जंगल सफारी



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** राजस्थान के धौलपुर जनपद के बाड़ी में तैनात अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) आयुष गुप्ता गुरुवार को कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की झिरना रेंज भ्रमण पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने परिवार एवं सहयोगियों के साथ जंगल सफारी कर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की समृद्ध जैव विविधता, प्राकृतिक सौंदर्य एवं वन्यजीवों का नजदीक से अवलोकन किया। जंगल सफारी के दौरान झिरना रेंज में उन्हें बाघ के दीदार हुए, जिससे वह बेहद उत्साहित नजर आए। अपने प्राकृतिक परिवेश में बाघ की मौजूदगी और उसकी गतिविधियों को करीब से देखने का अनुभव उनके लिए यादगार रहा। प्रकृति एवं वन्यजीवन के प्रति विशेष रुचि रखने वाले न्यायिक अधिकारी आयुष गुप्ता ने कॉर्बेट के घने जंगलों, शांत वातावरण और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र की सराहना करते हुए कहा कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व देश की महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहरों में से एक है। इस अवसर पर उनके साथ उनकी पत्नी नूपुर गुप्ता, निकटतम मित्र/श्री रामलीला कमेटी अफजलगढ़ के अध्यक्ष नितिन दिनेश कौशिक, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर एआर रहमान मौजूद रहे।

# मुज़फ़्फ़रनगर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष समेत छह लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुक़दमा दर्ज

## बिजनौर में दर्ज हुई एफआईआर

**बिजनौर/मुजफ्फरनगर( चिंगारी )। मुजफ्फरनगर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और 25 लाख रुपये की मांग को लेकर गंभीर आरोपों के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। यह मुकदमा स्वाति पत्नी सत्यजीत, निवासी ग्राम गदनपुरा, थाना हीमपुर दीपा, जनपद बिजनौर द्वारा दर्ज कराया गया है।**

एफआईआर के अनुसार, मुकदमे में मुज़फ्फरनगर में बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष समेत उनके बेटे सत्यजीत, पत्नी कमलेश, बड़े बेटे सचिन समेत उनकी बेटी प्रेरणा और दामाद सौरभ को भी नामजद किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष यशपाल पवार की पुत्रवधु स्वाति पुत्री योगेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 12 दिसंबर 2019 को सत्यजीत निवासी थाना सिविल लाइन मुजफ्फरनगर के साथ हुई थी। शादी के दौरान उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार करीब 50 लाख रुपये खर्च किए थे, लेकिन इसके बावजूद ससुराल पक्ष की मांगें लगातार बढ़ती रहीं। उसने आरोप लगाया कि शादी के कुछ समय बाद ही उसके साथ मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न शुरू हो गया।

एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2022 में गंभीर बीमारी होने के दौरान ससुराल पक्ष ने उसका उचित उपचार नहीं कराया और उसे मायके भेज दिया गया। पीड़िता का कहना है कि बीमारी के दौरान भी उसे सहयोग के बजाय उपेक्षा का सामना करना पड़ा।

शिकायत के मुताबिक मार्च 2026 में ससुराल पक्ष ने 25 लाख रुपये की मांग रखी। पीड़िता के पिता ने एक चैक भी दिया, लेकिन इसके बाद भी अतिरिक्त धनराशि के लिए दबाव बनाया जाता रहा। आरोप है कि रकम पूरी न होने तक उसे ससुराल में रखने से इनकार कर दिया गया और लगातार मानसिक दबाव बनाया गया।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि 19 जून 2026 को उसे बहाने से ससुराल बुलाया गया, जहां पति और अन्य परिजनों ने उसके साथ मारपीट की। उसके साथ गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायत में कहा गया है कि शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद उसकी जान बच सकी।

### मामला चर्चा का विषय बना

**मामले में भाजपा के पूर्व यशपाल पवार जिलाध्यक्ष का नाम सामने आने के बाद यह प्रकरण राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। हालांकि अभी तक पूर्व जिलाध्यक्ष पक्ष की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।**

बिजनौर के हीमपुर दीपा थाना पुलिस ने धारा 85/115[2]/ 352/ 351[3]/ 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच के दौरान दोनों पक्षों के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# राज्यपाल से मिले शिक्षक व शिक्षाविद्



**बिजनौर ( चिंगारी )।** बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के एमएलसी प्रत्याशी श्री मोहम्मद दानिश अख्तर के नेतृत्व में आठ सदस्यीय शिक्षक-शिक्षाविद् प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से भेंट कर छात्रों, शिक्षकों, गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय एवं रोहिलखंड विश्वविद्यालय बरेली से संबद्ध महाविद्यालयों एवं माध्यमिक विद्यालयों से जुड़ी समस्याओं पर ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे श्री मोहम्मद दानिश अख्तर ने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में लगभग 85 प्रतिशत छात्रों को कथित रूप से अनुत्तीर्ण किए जाने, छात्रों के शैक्षिक भविष्य से खिलवाड़, विश्वविद्यालय प्रशासन की अनियमितताओं तथा शिक्षकों और महाविद्यालयों के साथ हो रहे भेदभाव का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व एमएलसी कुंवर जयेश प्रसाद (शाहजहांपुर), अशोक चौधरी (अमरोहा), मोहम्मद साइम राजा (बिजनौर), अशोक यादव (संभल), हैदर अली, संजीव कुमार सक्सेना (बरेली) तथा प्रशांत कुमार (शाहजहांपुर) शामिल रहे।

# फर्जी दस्तावेजों के आधार पर गाड़ी खरीदने के आरोप में बिजनौर के कारोबारी का पुत्र गिरफ़्तार



**बिजनौर ( चिंगारी )।** थाना कोतवाली शहर बिजनौर पुलिस ने धोखाधड़ी और कूटरचना कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर स्कॉर्पियो-एन खरीदने के मामले में नगर के प्रमुख कारोबारी जहीर अहमद के पुत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने साक्ष्य मिलने के बाद मुकदमे में अतिरिक्त धाराएं भी बढ़ाई हैं।

पुलिस के अनुसार नई दिल्ली के जामिया नगर ओखला स्थित बटला हाउस निवासी रूखसार पत्नी फरहान पुत्री इजहार ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि फरहान, सलीम पुत्रगण जहीर अहमद निवासी मोहल्ला बुखारा, बिजनौर तथा अलका यादव निवासी मेरठ ने उनके फोटो और आधार कार्ड का दुरुपयोग किया। आरोप है कि अभियुक्तों ने महिंद्रा कंपनी के कर्मचारियों को गुमराह करते हुए उसके नाम से कूटरचित हस्ताक्षर कर स्कॉर्पियो-एन वाहन खरीद लिया। तहरीर के आधार पर शहर कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने साक्ष्य जुटाए और गुरुवार को आरोपी फरहान पुत्र जहीर अहमद निवासी मोहल्ला बुखारा को गिरफ्तार कर लिया।

शहर कोतवाल अवनीत मान का कहना है कि प्रकरण के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि फरहान बड़े कारोबारी जहीर अहमद का पुत्र है। रिपोर्ट दर्ज कराने वाली महिला रुखसार फरहान की पत्नी है। गत दिनों रुखसार ने ससुराल वालों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था

# 10 कोचिंग सेंटरों, लाइब्रेरी को नोटिस जारी किये

**नगीना ( चिंगारी )।** बुधवार को प्रशासन द्वारा चार कोचिंग/ लाइब्रेरी सेंटरों को सुरक्षा मानक पूरे नहीं मिलने पर बंद कराए जाने के बाद बृहस्पतिवार को अग्निशमन विभाग ने क्षेत्र के 10 कोचिंग/ लाइब्रेरी सेंटरों के संचालकों को सुरक्षा मानक पूरे करने के लिए नोटिस थमा दिए हैं।

प्रभारी अग्निशमन अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि बीते दिनों लखनऊ के एक एनीमेशन सेंटर/ कोचिंग सेंटर में हुए दुखद अग्निकांड के बाद मुख्य अग्निशमन अधिकारी बिजनौर के निर्देश पर नगीना में चल रहे कोचिंग/ लाइब्रेरी सेंटरों का निरीक्षण किया गया, जिसमें अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था कम पाए जाने पर सात दिन के भीतर इसे पूरा करने के लिए 10 कोचिंग/ लाइब्रेरी सेंटरों के संचालकों को नोटिस दिए गए हैं। उन्हें बताया कि जिन कोचिंग/ लाइब्रेरी सेंटरों के संचालकों को नोटिस दिए गए हैं उनमें स्वास्तिक लाइब्रेरी, चाणक्य लाइब्रेरी, चौधरी लाइब्रेरी, इंस्पायर लाइब्रेरी बूढ़ा वाली चुंगी, सिंबल नॉलेज लाइब्रेरी, एमआई सीटी कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट गांधी मूर्ति चौक, नगीना कोचिंग सेंटर आंबेडकर नगर कॉलोनी, कपूर लाइब्रेरी गांधी मूर्ति चौक, नगीना रीडिंग स्पेस धामपुर रोड व प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अम्बेडकर नगर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सभी को सात दिनों के भीतर अपने अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था मानक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था जिन भी संस्थानों में अधूरी पाई जाएगी, ऐसे सभी संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



नगीना में एक कोचिंग/ लाइब्रेरी केंद्र संचालक को अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था कम पाए जाने पर नोटिस थमाते अग्निशमन कर्मी।

# सार्वजनिक हैंडपम्पों पर लोगों ने कब्जा जमाया, गांव में पेयजल संकट

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिले के मोहम्मदपुर देवमल विकासखंड की न्याय पंचायत मंगोलपुरा और बरूकी न्याय पंचायत के कई गांवों में गर्मी बढ़ने के साथ पेयजल संकट गहराने लगा है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभिन्न सरकारी निधियों से स्थापित सार्वजनिक इंडिया मार्का हैंडपंपों पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर उन्हें चारदीवारी के भीतर शामिल कर निजी उपयोग में ले लिया है।

ग्रामीणों के अनुसार कई सार्वजनिक हैंडपंपों को सबमर्सिबल हैंडपंप का रूप देकर निजी संपत्ति की तरह उपयोग किया जा रहा है, जिससे आसपास के लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।



भीषण गर्मी के बीच सार्वजनिक स्थानों पर लगे कई इंडिया मार्का हैंडपंप शोपीस बनकर रह गए हैं, जबकि निजी परिसरों में मौजूद हैंडपंप आम लोगों की पहुंच से बाहर हैं। इस मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अभियान चलाकर सार्वजनिक हैंडपंपों को कब्जामुक्त कराने तथा आमजन के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# भीषण गर्मी में त्राहिमाम
## न दिन में चैन, न रात में आराम

**बिजनौर/नांगल सोती (चिंगारी)।** भीषण गर्मी में जनजीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। कल से पड़ रही भयंकर गर्मी में लोगों के सिर चकरा रहे हैं और पंखे, कूलर भी गर्मी के आगे बेबस नज़र आ रहे हैं। लोग दिन-रात बारिश के लिये प्रार्थना कर रहे हैं। हर रोज धरती पर सूरज की तपिश बढ़ती जा रही है। भयंकर गर्मी से जनजीवन बुरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। कल से तो ऐसा महसूस हो रहा है, जैसे आसपास आग लगी हो, सुबह से ही सूरज आग-बबूला हो रहा है। दो दिनों से इतनी भयंकर गर्मी पड़ रही है कि न दिन में सुकून है, न रात में चैन मिल रहा है। पंखे, कूलर गर्मी का मुकाबला करने में फेल हो गये हैं। भयंकर गर्मी लोगों को दिन में तारे दिखा रही है। दिन में घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। रात को भी से राहत नहीं मिल रही है। भयंकर गर्मी से त्राहिमाम कर रहे लोग दिन-रात इन्द्रदेव से बारिश के लिये प्रार्थना कर रहे हैं।



# नवविवाहिता की मौत के मामले में पति व सास गिरफ्तार

**चांदपुर (चिंगारी)।** पुलिस ने नवविवाहिता की मौत के मामले में उसके पति व सास को गिरफ्तार कर लिया। नगर के मुहल्ला काजीजादगान निवासी टिंकू उर्फ टीकाराम सिंह की शादी 30 अप्रैल 2026 को सोनम निवासी ग्राम शिवपुरी अफजलगढ़ के साथ हुई थी। जहरीले पदार्थ के सेवन से सोनम की 23 जून की शाम को उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मृतका की मां लक्ष्मी देवी ने थाने में दी गई तहरीर में बताया था कि उसकी पुत्री को उसके पति टिंकू उर्फ टीकाराम, सास चमेली देवी तथा देवर सोनू द्वारा कम दहेज लाने की बात को लेकर प्रताड़ित किया जाता था। लक्ष्मी देवी का आरोप है कि मारपीट एवं मानसिक उत्पीड़न किये जाने से क्षुब्ध होकर उसकी पुत्री ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मृतका के पति टिंकू उर्फ टीकाराम व सास चमेली देवी को गिरफ्तार कर लिया।



## हंगामा लोक समिति ने वितरित कीं फ्रूटी की बोतलें

**धामपुर (चिंगारी)।** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर हंगामा लोक सामाजिक साहित्य समिति की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक, समिति के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, शशिबाला शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, शीलेन्द्र शर्मा, सुषमा दीक्षित, शीतल शर्मा, विकास यादव, ललिता यादव, कार्तिक शर्मा, पराग अग्रवाल, हिदेश भारद्वाज, सार्थक रस्तौगी, गरिमा छाबड़ा, सजय कौशिक, सचिन, अंशिका कौशिक, देव कौशिक, भव्य शर्मा द्वारा राहगीरों के लिए शीतल पेय व फ्रूटी की बोतलें वितरित की गईं।

## छबील लगाकर शरबत पिलाया



**चांदपुर (चिंगारी)।** भीषण गर्मी एवं निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर नगर में अनेक स्थानों पर छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया गया। नेहरू चौक पर वरिष्ठ नेता एवं व्यापारी पंकज चौधरी के आवास के बाहर राहगीरों को शरबत पिलाया गया। हनुमान मंदिर पर सभासद विशाल शर्मा बल्ली, मनोज शर्मा आदि की ओर से राहगीरों को शरबत पिलाया गया। नगर के बिजनौर रोड पर छबील लगाकर उधर से गुजरने वाले राहगीरों को शरबत पिलाये जाने की व्यवस्था की गई। इस अवसर आशू गोयल, रूद्रा भारद्वाज, कान्हा गोयल, अनय सिंघल, अवयुक्त सिंघल, दक्ष शर्मा, आरव शर्मा, सुशील गोयल, सतीश गोयल, मानव भारद्वाज, विशाल गोयल, निमित सिंघल, पीयूष शर्मा, मनु शर्मा, सौरभ आदि का सहयोग रहा।

# बसपा सरकार के कार्यों को जनता आज भी याद करती है - रणविजय



**चांदपुर (चिंगारी)।** बहुजन समाज पार्टी की बैठक में बसपा सरकार में कराये गये विकास कार्यों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाये जाने के लिए कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से पूरे जी जान से चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया गया। ग्राम दरबाड़ा में सेक्टर अध्यक्ष वीर सिंह की अध्यक्षता एवं बसपा के जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी के संचालन में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि मुख्य मंडल प्रभारी मुरादाबाद रण विजय सिंह, मंडल कोऑर्डिनेटर मुरादाबाद चेतराम सिंह, बसपा जिला अध्यक्ष कविराज सिंह मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रणविजय सिंह ने कहा कि बसपा कार्यकाल में उत्तर प्रदेश का चहुंमुखी विकास हुआ था, जिसके लिए प्रदेश की जनता आज भी बसपा सरकार को याद करती है। कहा कि हमारा बूथ मजबूत है तो हमारा सेक्टर मजबूत है, अगर हमारा सेक्टर मजबूत है तो हमारी विधानसभा मजबूत है और अगर हमारी विधानसभा मजबूत है तभी हम विधायक बनाने में कामयाब हो सकते हैं। बसपा जिला अध्यक्ष कविराज सिंह ने सर्वसमाज से बहुजन समाज पार्टी से जुड़ने का आहवान किया। बैठक में विधानसभा प्रभारी रामकिशन सिंह, संजीव प्रधान, रोहतास प्रजापति, संजय सिंह, बबलू सैनी, मोनिस राजपूत, अजयपाल सिंह, ओमपाल सिंह, विजेंद्र कुमार, पंकज कुमार, सर्वोत्तम कुमार, राजेश कुमार, रामकिशोर, किशोरी सिंह, शिवचरण सिंह, डालचंद, शमशेर, अंकुल कुमार, अर्जुन कुमार आदि उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स को वितरित किये प्रमाण-पत्र

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** एसपी ग्रुप ऑफ कॉलेज तिगरी में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें सरकार द्वारा अधिकृत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत पिछले 6 माह से प्रशिक्षण पा रहे 131 छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा प्रमाण-पत्र एवं अंक तालिका वितरित की गई। महाविद्यालय में संचालित टैल हेल्थ सर्विस व डिप्लोमा इन कंप्यूटर हार्डवेयर प्रशिक्षण के केंद्र प्रभारी डॉ. यश अग्रवाल की रूपरेखा के आधार पर प्रमाण पत्र वितरित कराए गए। महाविद्यालय प्रबंधक राहुल बंसल द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। कार्यक्रम में शिवसेना प्रमुख चौधरी वीर सिंह मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में संजय बजरंगी विश्व हिंदू परिषद के जिला प्रमुख सुशील कुमार, पंचायत सहायक हरिओम, भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह के अलावा कपिल शर्मा, इरफान अहमद, सोनू कुमार, संगीता सैनी, विपिन कुमार, जितेंद्र सिंह, आसिफ मंसूरी, शुभम कुमार, अनुज श्रीवास्तव, महिन सुल्तान आदि उपस्थित रहे।

## भव्य रात्रि चौपाल के लिये ग्राम प्रशासक को सम्मानित किया

**नूरपुर (चिंगारी)।** नूरपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत हसुपुरा में गत 20 जून को रात्रिकालीन चौपाल का आयोजन किया गया था। चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व परिवहन मंत्री व एमएलसी अशोक कटारिया मौजूद रहे। रात्रिकालीन चौपाल का वृहद स्तर पर भव्य रूप से उत्कृष्ट प्रबन्धन करने के लिए ग्राम प्रधान पूनम देवी पत्नी शेर सिंह को प्रशस्ति-पत्र व राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मान किया गया। ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने पूनम देवी व ग्राम पंचायत सचिव नीरज कुमार व हसुपुरा के समस्त ग्रामवासियों की इस भव्यात्मक रात्रिकालीन चौपाल का आयोजन कराने के लिए प्रशंसा की। उधर, ग्राम प्रशासक ने इस रात्रिकालीन चौपाल कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम पंचायत हसुपुरा के गणमान्य व्यक्तियों शेर सिंह, कुलवीर सिंह सैनी, विरेन्द्र कुमार, पंकज जोशी, संतोष जोशी, मनोज सैनी, संजयपाल, भोपाल सिंह सैनी, करन सैनी, गजेन्द्र सैनी, मोनू सरदार आदि सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। सम्मान कार्यक्रम के अवसर पर राशु चौहान, सत्यवीर सिंह चौहान जिला मंत्री किसान मोर्चा, करूणा चौहान एडीओ पंचायत, गौरव त्यागी आदि उपस्थित रहे।



पूनम देवी को सम्मानित करतीं आकांक्षा चौहान व दिनेशपाल शर्मा।

# घायल के उपचार हेतु ओम कुमार ने आर्थिक सहायता प्रदान की

**नहटौर (चिंगारी)।** ग्राम सिखेड़ा निवासी रोहित कुमार चौधरी पुत्र श्री शेर सिंह चौधरी के विगत दिनों सड़क दुर्घटना में घायल होने की सूचना प्राप्त होने पर उपचार हेतु अपनी ओर से 11,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की। साथ ही, उन्हें मुख्यमंत्री राहत कोष से भी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया, ताकि उनके उपचार में किसी प्रकार की कठिनाई न आए। उन्होंने कहा कि मेरी सदैव यही प्राथमिकता रही है कि सुख-दु:ख की हर घड़ी में अपने क्षेत्रवासियों के साथ खड़ा रहूं और हर संभव सहयोग प्रदान करूं। इस अवसर पर पुष्पेन्द्र चौधरी (प्रधान), चरन सिंह (डायरेक्टर, गन्ना समिति बिजनौर), रामबीर सिंह (अध्यक्ष, व्यापार मंडल बरूकी), विपिन कुमार राणा, अमित कुमार एवं अनिल कुमार (पूर्व प्रधान, बाकरपुर) सहित कई लोग मौजूद रहे।



## बंदर ने मासूम को काटकर घायल किया

**चांदपुर (चिंगारी)।** नगर के मुहल्ला सरायरफी निवासी अर्श (2 वर्ष) पुत्र सलीम अहमद अपने घर में था, तभी वहां पहुंचे बंदर ने अर्श पर हमला कर उसकी कमर में काट लिया। परिजन बच्चे को उपचार के लिए चिकित्सक के पास ले गए, जहां उसकी कमर में टांके लगे। मालूम हो कि इससे पूर्व भी आवारा कुत्ते कई बच्चों को काट चुके हैं।

# ग्राम सैदपुरी में निकला मातमी जुलूस

## जंजीरों से किया मातम, या हुसैन की सदाओं से गूंजा वातावरण



कर्बला का वाकिया सुनाते मौलाना अलमदार

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** आज मुहर्रम की दसवीं तारीख पर ग्राम रसूलपुर सैद उर्फ सैदपुरी में शिया समुदाय द्वारा अलम, ताजियों के साथ मातमी जुलूस निकाला गया। जुलूस में सोगवारों ने जंजीरी मातम कर खुद को बुरी तरह से लहूलुहान कर लिया, जबकि हुसैन साहब और उनके 72 साथियों पर हुए जुल्म की दास्तां सुनकर औरतें-पुरुष फूट-फूटकर रोये।

कमेटी अंजुमन-ए-इमामिया सैदपुरी सादात के तत्वावधान में शिया समुदाय का मातमी जुलूस आज सुबह 9 बजे से पंचायती इमामबाड़े से शुरू होकर दोपहर 11.40 बजे हुसैनी चौक पर पहुंचा। हुसैनी चौक पर मौलाना अलमदार (गाजीपुर, बनारस) ने तकरीर करते हुए पैगाम-ए-कर्बला दिया। इमाम हुसैन साहब तथा उनके परिवार और साथियों को जालिम यजीद द्वारा दी गई यातनाओं को सुनकर वहां मौजूद सैकड़ों महिलायें-पुरुष ज़ार-ज़ार कर रोने लगे। सोगवारों ने जंजीरी मातम कर खुद को बुरी तरह से लहूलुहान कर लिया। जंजीरी मातम देखकर कलेजा मुंह को आने को हो गया। वातावरण 'या हुसैन , या हुसैन', 'हुसैनियत जिंदाबाद', 'यजीदियत मुर्दाबाद', 'सैय्यद तेरे नाम पर, जान भी कुर्बान है' आदि नारों से गूंज उठा।

जबकि गांव के अंतिम छोर पर स्थित बूढ़े कुएं वाले कब्रिस्तान पर पहुंचकर मौलाना अली ज्वाद (सेथल) और मौलाना आरिश ने तकरीर करते हुए मजलूम-ए-कर्बला इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के मसायेब पढ़े और सोगवारों ने मातम किया। मर्सियाख्वानी अंजार अली, मौ. फैजी, बल्लन, खिलअत हैदर आदि ने की और नोहाख्वानी मौ. कैफ, परवेज़ हैदर, मेहंदी आदि ने की। सोगवारों में मोजिज हुसैन, ज़ाकिर अली, मौ. अब्बास, विकार अली, मौ. हैदर, नायाब जैदी, शहबाज़ ज़ैदी, मुसर्रत हुसैन, नवाब हैदर, कैसर रजा, अली रज़ा, हसन मेंहदी, रिहान हैदर, लड्डन आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। जुलूस निर्धारित मार्गों से होते हुए गांव के जंगल में स्थित कर्बला के मैदान में पहुंचकर समाप्त हुआ। अन्त में कर्बला के मैदान में ताजिये दफ्न किये गये। शिया समुदाय का मातमी जुलूस सम्पन्न होने के बाद सुन्नी समुदाय द्वारा अखाड़े का जुलूस निकाला गया।

# अग्निकांड में मृत छात्रों की मौत पर दुःख जताया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** ब्राह्मण विकास सेवा समिति उत्तर प्रदेश ने लखनऊ अलीगंज में कोचिंग सेंटर में लगी भीषण आग में छात्रों की दुखद मौत हो जाने पर दुःख जताया तथा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर समिति के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णवीर शर्मा फौजी व प्रदेश महासचिव नीरज तिवारी एडवोकेट ने शासन-प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि भविष्य में इस तरह के दर्दनाक हादसे की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए देश व प्रदेश में आवश्यक कदम उठाए जायें। मौन रखने वालों में समिति के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णवीर शर्मा फौजी, प्रदेश महासचिव नीरज तिवारी एडवोकेट, डा. विनोद शर्मा, डा. विपिन शर्मा, डा. सुनील शर्मा, नागेश्वर एडवोकेट, उदित शर्मा, बंटी शर्मा, मोहित शर्मा, सौरभ शर्मा, दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# दिव्या ब्यूटी सैलून में प्रशिक्षण लेने वाली प्रतिभागियों को किये प्रमाण-पत्र वितरित



**धामपुर ( चिंगारी )।** दिव्या ब्यूटी सैलून एवं अकादमी में छह माह के प्रोफेशनल ब्यूटी कोर्स के समापन पर आयोजित समारोह में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

अकादमी की संचालिका रश्मि शर्मा ने बताया कि छह माह के इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को मेकअप, हेयर स्टाइलिंग, स्किन केयर, ग्रुमिंग तथा ब्यूटी इंडस्ट्री से जुड़ी विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए भी प्रेरित किया गया। एक प्रतिभागी मलेशिया से भी प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए धामपुर पहुंची। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं और ब्यूटी इंडस्ट्री ऐसा क्षेत्र है, जिसमें महिलाएं घर बैठे भी अपना व्यवसाय शुरू कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं। कार्यक्रम में दिव्या गोद, सुमन सैनी, वैष्णवी रस्तौगी, काजल जैन, जेबा, निशा, चारुल, आंचल, वैशाली, ज्योति, नसरीन, इमराना, सलोनी, फिजा, रजदा, रिया, रितु सहित 60 से अधिक प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

# ठंडे पानी की बोतलें वितरित कर राहगीरों को पहुंचाई राहत



**नगीना ( चिंगारी )।** मोहर्रम के मौके पर भीषण गर्मी से राहत पहुंचने के उद्देश्य से समाज सेवियों व मुस्लिम समाज के लोगों ने शिविर लगाकर ठंडा जूस, पानी व जीरा की बोतलें वितरित की। बृहस्पतिवार की दोपहर नगीना कोतवाली मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक के करीब लगाए गए शिविर में पालिका चेयरपर्सन के पुत्र शेख सहराज खलील, सद्दन ठेकेदार, मौलाना रशीद अली, नवाब हैदर, शमी हैदर, अब्दुल सरकार हैदर, बुरहान नवाब, हसन नवाब, रेहान अब्बास, अली अब्बास, सज्जाद, असद शोएब, शालू, सोनी आदि मौजूद रहे।

# राहगीरों को शर्बत पिलाया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** निर्जला एकादशी के अवसर पर कल नगर के दो व्यापारियों की ओर से छबील लगाकर ठंडा शरबत पिलाया गया। व्यापारी चीनू अग्रवाल की ओर से अपने निवास स्थान के बाहर रोड पर तथा गुड व्यापारी दर्पण अग्रवाल की ओर से नगीना चौराहे पर छबील लगाकर आते-जाते राहगीरों को शरबत पिलाया। व्यापारी चीनू अग्रवाल व दर्पण अग्रवाल ने चिंगारी को बताया कि निर्जला एकादशी के अवसर तथा भीषण गर्मी को देखते हुए आते-जाते राहगीरों की प्यास बुझाना बड़े धर्म का काम है।

# भ्रष्टाचार के विरूद्ध आंदोलन करेगी भाकियू



बैठक को संबोधित करते दिनेश कुमार।

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** पीडब्ल्यूडी नजीबाबाद में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ भाकियू (टिकैत) 30 जून से अनिश्चितकालीन आंदोलन करेगी। भाकियू (टिकैत) के पश्चिमी यूपी सचिव दिनेश कुमार का कहना है कि पीडब्ल्यूडी नजीबाबाद द्वारा बनाई गई/मरम्मत की गई कई सड़कों में भारी भ्रष्टाचार किया गया है। कुछ दिनों बाद ही सड़कों की हालत खराब हो गई है। कुछ काम तो केवल कागजों में ही कर दिया गया है। इस भ्रष्टाचार के विरुद्ध 30 जून से पीडब्ल्यूडी के कार्यालय पर नजीबाबाद तहसील अध्यक्ष जयप्रकाश राजपूत के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जायेगा। भाकियू (टिकैत) ने आंदोलन की सफलता के लिये गांव-गांव बैठकें करनी शुरू कर दी हैं।

# निर्जला एकादशी पर शिविर लगाया, राहगीरों को शीतल शर्बत पिलाया

**धामपुर ( चिंगारी )।** निर्जला एकादशी के अवसर पर भीषण गर्मी से राहगीरों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से द स्कॉलर्स वैली विद्यालय द्वारा नगीना रोड स्थित विद्यालय परिसर के बाहर शिविर लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया, जिसका शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। गर्मी के इस मौसम में राहगीरों को राहत पहुंचाना एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी ऐसे सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। विद्यालय के डायरेक्टर सरदार जसप्रीत सिंह एवं श्रीमती शैलप्रीत कौर ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान देना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना का विकास करना भी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सचिन सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को मानवीय मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर रितु गुप्ता, शशि चोपड़ा, मुकेश कुमार, गौरव सैनी, हर्ष कुमार, अन्नपूर्णा जनेजा, विधि रुहेला, प्रेमलता, सौरभ कुमार, वीरेंदर कुमार, अफ्शा खानम ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।




द स्कॉलर्स वैली ने राहगीरों को वितरित किया शरबत

# अयोध्या में श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में संत समाज महा पंचायत बुलाये : रमोला



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** कांग्रेस नेता जयेन्द्र रमोला ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर में हुऐ करोड़ों की चोरी पर सनातन के ध्वजवाहक संत समाज से मुलाकात कर महापंचायत बुलाने का आग्रह किया। वह मायाकुंड स्थित शंकराचार्य स्वामी माधवाश्रम समाधि संस्थानम् दंडीबाड़ा आश्रम मायाकुंड में पहुंचकर संत केशव स्वरूप ब्रह्मचारी जी व अन्य संतगणों से मिले और उनसे अयोध्या में हुई करोड़ों की चोरी मामले में धर्मनगरी ऋषिकेश के सभी संतों को एक मंच पर आकर मुखर होने की बात कही। कांग्रेस नेता ने कहा कि अयोध्या मन्दिर के लिये वर्षों से कार सेवा के रूप में देशवासियों व प्रवासी भारतीयों ने भी आर्थिक रूप में सहयोग किया है। आज जब मन्दिर का निर्माण पूर्ण हो गया, प्राण प्रतिष्ठा हो गई, दर्शन शुरू हो गये, तो वहां पर करोड़ों रुपयों की चोरी का मामला सामने आया है। क्योंकि ये सनातन धर्म की आस्था से जुड़ा मामला है और सनातन के ध्वजवाहक संत समाज को इसमें आगे आकर खुलकर मुखर होकर सरकार से सवाल करने चाहियें ताकि चोरों को पकड़ा जा सके और मन्दिरों में हो रही चोरियों को रोका जा सके। रमोला ने बताया कि जल्द धर्नगरी के सभी संतों से मुलाकात कर उनसे इस मामले में महापंचायत बुलाने का आग्रह करेंगे।

संत केशवस्वरूप ब्रह्मचारी ने कहा कि अयोध्या मन्दिर में चोरी की घटनाएँ हमें विचलित करती हैं कि जिस मन्दिर के लिये देश के संत समाज ने वर्षों तक इन्तज़ार किया और सभी ने अपनी-अपनी हैसियत से दान दिया, आज उसी श्रीराम जी के मन्दिर में, भगवान के घर में चोरी का मामला सामने आया है जो कि सनातन धर्म के लिए सही नहीं है। जल्द ही हम सभी संतों के साथ इस पर आगे की रणनीति तय करेंगे। बैठक में घनश्याम नौटियाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गढ़भूमि लोक संस्कृति संस्था, ब्रह्मचारी विवेक चेतन, माता पार्वती आश्रम, शिव प्रसाद सेमवाल, सचिव वैदिक ब्राह्मण महासभा, लक्ष्मी प्रसाद थपलियाल, पंडित मनोज तिवारी, पंडित मनी विश्नोई मौजूद रहे।

# ऋषिकुल मैदान में बनेगा भव्य 'मदन मोहन मालवीय प्राच्य शोध संस्थान'

**हरिद्वार (चिंगारी)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री की प्रमुख घोषणाओं के क्रम में हरिद्वार स्थित ऋषिकुल मैदान में भव्य 'मदन मोहन मालवीय प्राच्य शोध संस्थान' की स्थापना की जाएगी। प्रस्तावित संस्थान भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृति एवं प्राच्य विद्याओं के संरक्षण, संवर्धन तथा शोध का एक महत्वपूर्ण केंद्र होगा।

## प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु ने अधिकारियों के साथ किया स्थलीय निरीक्षण

इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री आर.के. सुधांशु ने गुरुवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ ऋषिकुल मैदान का स्थलीय निरीक्षण कर प्रस्तावित परियोजना के लिए उपलब्ध भूमि एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। स्थलीय निरीक्षण के उपरांत प्रमुख सचिव ने हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण (एचआरडीए) के सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर परियोजना की विस्तृत रूपरेखा, भूमि संबंधी विषयों, मूर्ति स्थापना, चार दीवारी, आधारभूत संरचना, मंच निर्माण, पार्किंग व्यवस्था तथा निर्माण कार्य की कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए परियोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए है कि संबंधित अधिकारी एक सप्ताह के भीतर अपनी-अपनी कार्ययोजना उपलब्ध करायें। उन्होंने योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए शासन स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही के लिए सचिव पर्यटन धीराज सिंह गर्ब्याल को नोडल अधिकारी नामित किया गया है तथा जिला स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित को नोडल अधिकारी नामित किया है।

# गीता आश्रम में त्रिदिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर लगाया



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** गीता आश्रम में राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं जिला आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी पौड़ी गढ़वाल द्वारा तीन दिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें मर्म चिकित्सा अग्निकर्म बिद्ध कर्म, पंचकर्म योग एवं जीवन शैली मार्गदर्शन आयुर्वेदिक औषधियां एवं परामर्श, ईसीजी, शुगर, हेमोग्लोबिन, की जांच की गई। शिविर को डॉ. मोनिका यादव, डॉ. प्रियंका गोसाईं, डॉ. तृप्ति नेगी, मुख्य फार्मासिस्ट अधिकारी भूपेंद्र सिंह, फार्मासिस्ट अधिकारी नरेंद्र राणा, योग अनुदेशक सुभाष जुगलान, सेवक सचिन ने संयुक्त रूप से संचालित किया। इसमें 1270 से अधिक रोगियों ने लाभ उठाया। नि:शुल्क दवा वितरण एवं अन्य सुविधाओं का भी लाभ प्राप्त किया। आश्रम के प्रबंधक भानु मित्र शर्मा, त्रिभुवन उपाध्याय, प्रेम प्रसाद, राजपाल तिरुपति, भाजपा के मंडल अध्यक्ष त्रिवेंद्र नेगी, महामंत्री मोहन नागर विकास भंडारी, सभासद जितेन्द्र धाकड़ आदि उपस्थित रहे।

# निर्जला एकादशी पर डॉ. प्रेमचंद ने किया गंगा पूजन



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** निर्जला एकादशी के अवसर पर ऋषिकेश विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने महामंडलेश्वर पूज्य ईश्वर दास जी महाराज के सानिध्य में ईश्वर आश्रम, शीशम झाड़ी में विधि-विधान से मां गंगा का पूजन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। डॉ.अग्रवाल ने कहा कि निर्जला एकादशी का पर्व भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण प्रतीक है, जो हमें संयम, श्रद्धा एवं आस्था का संदेश देता है। मां गंगा की कृपा से प्रदेश में सुख, शांति एवं समृद्धि बनी रहे, यही प्रार्थना है। धार्मिक एवं आध्यात्मिक परंपराएं हमारी संस्कृति की आधारशिला हैं, जिनसे समाज को सकारात्मक ऊर्जा एवं दिशा मिलती है। डॉ. अग्रवाल ने प्रदेशवासियों के सुखद, स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन की कामना करते हुए सभी को इस पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं।

# जिला कारागार में विधिक जागरूकता व साक्षरता शिविर का आयोजन

## बंदियों को दी नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी

**कोटद्वार (चिंगारी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर जिला कारागार में विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बंदियों को नशे के दुष्प्रभावों, उससे जुड़े कानूनी पहलुओं तथा नशामुक्त जीवन के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में मुख्य विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता कमल प्रसाद बमराड़ा एवं सहायक विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता विनोद कुमार ने बंदियों को मादक द्रव्यों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है तथा इससे दूर रहकर ही स्वस्थ एवं सम्मानजनक जीवन जिया जा सकता है। उन्होंने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित कानूनी प्रावधानों, अपराध की गंभीरता तथा इसके लिए निर्धारित दंडात्मक व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से बताया। साथ ही बंदियों को उनके विधिक अधिकारों एवं नि:शुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि पात्र व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से नि:शुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध करायी जाती है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की नशामुक्त भारत के लिए मादक द्रव्य जागरुकता एवं कल्याण मार्गदर्शन योजना के संबंध में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलायी गयी तथा नशीले पदार्थों से दूर रहने एवं अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरुक करने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर कारागार अधीक्षक कौशल कुमार, डिप्टी जेलर गौरव टम्टा सहित अन्य उपस्थित थे।

# कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया




**हरिद्वार (चिंगारी)।** अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी सेवा समूह, हरिद्वार के तत्वावधान में एक कवि - सम्मेलन श्री कृष्ण कृपा धाम, भीमगोडा में आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय कवियों के साथ-साथ अन्य शहरों से भी कविगण पधारे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती रेखा सिंघल, संयोजन डॉ. पुष्पारानी वर्मा (पूर्व उप निदेशक शिक्षा) तथा संचालन डॉ. अशोक गिरि (संस्थापक श्रवण सेवा एवं शोध संस्थान) ने किया। कु. वृन्दा शर्मा ने मधुर स्वर से सरस्वती वन्दना- पाठ किया तथा कु. अपराजिता ने स्वागत-गीत प्रस्तुत किया। कविता-पाठ का प्रारम्भ कर्मवीर सिंह के लोकगीतों से हुआ।

डॉ. श्याम बनौधा ने गजल के माध्यम से हिन्दी के विकास की बात कही। रेखा सिंघल, डॉ. पुष्पा रानी, प्रेम शंकर 'प्रेमी', पुष्पराज धीमान, डॉ. विजय त्यागी, दीनदयाल दीक्षित, सुरेन्द्र कुमार, आचार्य अरुण शुक्ल और डॉ. अशोक गिरि ने अपनी रचनाओं के माध्यम से, आज की पारिवारिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय समस्याओं को उठाया। डॉ. सुशील त्यागी और साधुराम 'पल्लव' ने छन्दबद्ध रचनाएं प्रस्तुत की। सुमन भारद्वाज, राजकुमारी और वृन्दा शर्मा के मधुर गीतों ने सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपराजिता की ओज भरी रचनाओं ने वातावरण में स्पन्दन उत्पन्न कर दिया। डॉ. एन.पी. सिंह ने अपने सम्बोधन में, भाषा के विकास के लिए व्याकरण को अनिवार्य बताया।

# पेड़ों को चारदीवारी में कैद कर धड़ल्ले से हो रहा है अवैध निर्माण



**सरकारी नियमों की अनदेखी**

**नैनीताल (चिंगारी)।** शहर में अवैध निर्माण कार्यों को लेकर सरकारी कागजों में बड़े-बड़े नियमों को लागू करने का दम भरने वाले झील विकास प्राधिकरण (एलडीए) व भारतीय वन अधिनियम और राज्य वृक्ष संरक्षण अधिनियम को खुलेआम चुनौती देते हुए नैनीताल में कई जगह निर्माण चल रहे हैं। अति संवेदनशील क्षेत्र स्टाफ हाउस में पेड़ों को चारदीवारी में कैद कर मकान का निर्माण किया जा रहा है, जिसको रोकने टोकने वाला कोई नहीं है। जबकि झील विकास प्राधिकरण ने नगर निर्माण कार्यों की रोक व झील के संरक्षण को लेकर बगैर नक्शा पास और तय मानकों के भवन या अन्य किसी निर्माण पर पूर्ण रोक लगाई है बावजूद इसके खुलेआम निर्माण कार्य किया जा रहा है। प्रशासन की नाक के नीचे हो रहे निर्माण के चलते जहां एक ओर प्राकृतिक सौंदर्य को क्षति पहुंच रही है वहीं दूसरी ओर पर्यावरण और पेड़ों को भी भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जिसको रोकने व टोकने वाला कोई नहीं है और वक्त के साथ मकान बनकर तैयार हो जाएगा और वर्षों से हमको जीवन देने वाले वृक्षों का दम अंदर ही अंदर घुट जायेगा।

शासन-प्रशासन भी तब जागता है जब कोई हादसे होते हैं। शुरुआत में देखने वाला कोई नहीं है और जब लोग अवैध निर्माणों में अपनी जीवनभर की पूंजी लगा देते हैं, उसके बाद अतिक्रमण हटाने की सुध आती है। बात नैनीताल की करें तो बीते कुछ वर्षों में यहां धड़ल्ले से अवैध निर्माण हुए हैं, जिनके अंदर वृक्षों का दम घुट रहा है। जिम्मेदार महकमा कभी मॉल रोड से ऊपर चढ़ कर देखे, तो उनको हकीकत नजर आ जायेगी।

## ग्राम रसूलपुर मीठी बेरी में स्वामी यतीश्वरानंद ने किया मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य का शुभारंभ

**लालढांग (चिंगारी)।** लालढांग क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर मीठीबेरी में युवाओं के साथ बच्चों को आगे बढ़ाने और उनकी प्रतिभाओं को निखारने के लिए मिनी स्टेडियम के निर्माण कार्य का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने ग्राम प्रधान और क्षेत्रीय जनता के साथ मिलकर फीता काटकर किया। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री धामी खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर क्षेत्र की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहे है। भाजपा की सरकार ने पहले मॉडल डिग्री देकर बच्चों को उच्च शिक्षा देने का काम किया। रसूलपुर मीठीबेरी के ग्राम प्रधान कमलेश द्विवेदी ने बताया कि मिनी स्टेडियम एक हैक्टेअर भूमि में बनेगा, जिसका कार्य एचआरडीए कराएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ स्वामी यतीश्वरानंद का आभार जताते हुए कहा कि वे लगातार क्षेत्र की जनता के विकास के लिए कार्य करा रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य बृजमोहन पोखरियाल ने इसे क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। इस मौके पर दीपक जखमोला, श्यामपुर प्रधान योगेश चौहान, सुनील बिष्ट, मंडल अध्यक्ष दीपक चौहान, अनिता तडियाल, सुनील सैनी, राजेंद्र सिंह, कपिल कांडपाल, अंकित पोखरियाल, संतराम सैनी, रामगोपाल सिंह, हेमचंद सिंह, आदेश सिंह, महावीर सिंह, विनोद सैनी, यादराम सैनी, विनय सिंह, रणजीत सिंह, संदीप नेगी, सतेंद्र भंडारी, अरुण सिंह आदि शामिल हुए।

## ब्रह्माकुमारीज चीफ रही 'मम्मा' को श्रद्धांजलि अर्पित की



**रुड़की (चिंगारी)।** ब्रह्मकुमारीज संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका मां जगदम्बा सरस्वती जिन्हें 'मम्मा' भी कहते है,के स्मृति दिवस पर एक दिव्य व भव्य कार्यक्रम रुड़की में किया गया। राजयोगिनी बीके गीता दीदी की अध्यक्षता व दीपिका बहन के संचालन में मां जगदम्बा सरस्वती की रूहानियत व परमात्मा के प्रति समर्पण भाव की प्रशंसा की गई। मम्मा का ब्रह्माकुमारीज संस्थापक ब्रह्मा बाबा के प्रति हांजी का पाठ उनके सदगुणों को रेखांकित करता है। गीता दीदी ने बताया कि मम्मा कभी किसी भी काम को मना नही करती थी, साथ ही हर समय ईश्वरीय याद में रहकर सेवा कार्य करना उन्हें बहुत भाता था। खानपुर से विधानसभा चुनाव लड़ चुके चौधरी रविन्द्र सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि उनका सौभाग्य है, जो उन्हें ब्रह्माकुमारीज जैसी पवित्र संस्था में आने और देवी स्वरूपा मां जगदम्बा सरस्वती के महान व्यक्तित्व से परिचित होने का अवसर मिला। कार्यक्रम में सपना बहन, पारुल बहन, रेखा, नायब सैनी, इंदर ठाकुर, अनिल पंवार, विजय पाल, कर्मेन्द्र, नरेंद्र, धनीराम, अशोक त्यागी, अरविंद शर्मा, योगेश त्यागी, राजबाला, सुषमा वत्स, श्रीगोपाल नारसन, नवीन त्यागी, पूनम शर्मा, शिव कुमार, सीएम वर्मा, लक्ष्मण सिंह, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

## हिंसा पीड़ित महिलाओं के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर होगा और अधिक सक्रिय



जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान

**देहरादून (चिंगारी)।** महिलाओं के प्रति हिंसा और उत्पीड़न की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने सखी वन स्टॉप सेंटर को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने का निर्णय लिया है। समाधान दिवस के दौरान महिलाओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि हिंसा से पीड़ित महिलाओं को त्वरित और समुचित सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा सखी वन स्टॉप सेंटर को एक्टिव मोड में संचालित किया जाए। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया है कि सर्वे चौक के निकट कामकाजी महिला छात्रावास परिसर में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण और पुनर्वास से जुड़ी सभी सेवाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि घरेलू हिंसा, शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न, शोषण अथवा किसी भी प्रकार की हिंसा से प्रभावित महिलाओं को बिना किसी देरी के आवश्यक सहायता प्रदान की जानी चाहिए।

जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि जनपद में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर महिलाओं को एक ही स्थान पर विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। केंद्र के माध्यम से हिंसा पीड़ित महिलाओं को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, पुलिस सहायता, मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक परामर्श, रेस्क्यू सेवा, विधिक सहायता और अस्थायी आश्रय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

# शादी-ब्याह और वीआईपी आयोजनों के लिए दून निगम की नई व्यवस्था

### पांच जोन में गठित होंगी क्यूआरटी टीमें, वार्डों की सफाई व्यवस्था भी नहीं होगी प्रभावित, अब एक घंटे में उठेगा कचरा



नगर आयुक्त आलोक पांडे

**देहरादून (चिंगारी)।** राजधानी देहरादून में बढ़ती आबादी और लगातार बढ़ रहे कचरे के दबाव को देखते हुए नगर निगम ने सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब शादी समारोह, जन्मदिन पार्टियों, धार्मिक आयोजनों, भंडारों और वीआईपी कार्यक्रमों के दौरान उत्पन्न होने वाले कचरे के निस्तारण के लिए नगर निगम ने विशेष क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) गठित करने का निर्णय लिया है।

नगर निगम द्वारा शहर को पांच जोन में विभाजित करते हुए प्रत्येक जोन में एक क्यूआरटी टीम बनाई जाएगी। इन टीमों में सफाई कर्मचारी और एक सुपरवाइजर तैनात रहेगा, जो कार्यक्रम स्थलों से कचरा उठाने और विशेष परिस्थितियों में सफाई व्यवस्था संभालने का कार्य करेंगे। नगर आयुक्त आलोक पांडे ने बताया कि वर्तमान में किसी वीआईपी कार्यक्रम या आपदा की स्थिति में वार्डों से सफाई कर्मचारियों को हटाकर दूसरे स्थानों पर भेजना पड़ता है, जिससे संबंधित वार्डों में सफाई व्यवस्था प्रभावित होती है। नई क्यूआरटी व्यवस्था लागू होने के बाद नियमित सफाई कार्य बाधित नहीं होंगे और विशेष आयोजनों की सफाई अलग से सुनिश्चित की जा सकेगी।

उन्होंने बताया कि नगर निगम ने इस सेवा के लिए शुल्क भी निर्धारित किया है। छोटे आयोजनों के लिए दो हजार रुपये और बड़े आयोजनों के लिए पांच हजार रुपये शुल्क लिया जाएगा। शुल्क जमा होने के बाद क्यूआरटी टीम अधिकतम एक घंटे के भीतर मौके पर पहुंचकर कचरा उठान की कार्रवाई करेगी। नगर निगम के अनुसार राजधानी की आबादी लगभग 15 लाख के आसपास पहुंच चुकी है और प्रतिदिन करीब 600 टन कचरा एकत्र किया जा रहा है। ऐसे में निजी और सार्वजनिक आयोजनों से निकलने वाले अतिरिक्त कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। नई व्यवस्था के तहत राजपुर, अर्केडिया, मोथरोवाला और हर्रावाला समेत विभिन्न जोनल कार्यालयों के माध्यम से टीमों का संचालन किया जाएगा। प्रत्येक टीम को अलग पहचान वाली वर्दी, आवश्यक उपकरण, कटर मशीन और दो वाहन भी उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि वे सफाई के साथ-साथ आपातकालीन परिस्थितियों में भी तत्काल कार्रवाई कर सकें।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म, पुलिस को दी तहरीर

**स्योहारा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना घटित हुई, जिसके बाद पीड़िता के पिता ने दो युवकों के खिलाफ थाना स्योहारा में नामजद तहरीर देकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता के पिता द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार वह और उनकी पत्नी मजदूरी के सिलसिले में बाहर रहते हैं, जबकि उनकी नाबालिग पुत्री गांव में अपनी दादी के साथ रहती है। आरोप है कि 13 जून की दोपहर गांव का एक युवक किसी काम का बहाना बनाकर किशोरी को अपने बड़े भाई के घर ले गया। वहां पहुंचने पर घर में कोई महिला मौजूद नहीं थी। आरोप है कि युवक ने अपने एक साथी के साथ मिलकर घर का दरवाजा बंद कर दिया और किशोरी को जबरन कमरे में ले गया। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि मुख्य आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया, जबकि दूसरे युवक ने उसका साथ दिया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि विरोध करने पर आरोपियों ने धारदार हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। साथ ही किसी को घटना की जानकारी देने पर पीड़िता, उसके भाई और दादी को नुकसान पहुंचाने तथा आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल करने की धमकी भी दी गई। परिजनों के अनुसार भय और सामाजिक बदनामी के कारण किशोरी लंबे समय तक घटना की जानकारी किसी को नहीं दे सकी। 25 जून की रात जब उसके पिता घर लौटे तो पीड़िता ने उन्हें पूरी घटना बताई। इसके बाद आज 26 जून को थाना स्योहारा में लिखित तहरीर देकर दोनों आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार का कहना है कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# तुर्की ने अमेरिका को 3-2 से हराया

**कैलिफोर्निया ( एजेंसी/चिंगारी )।** कान आयहान के विजयी गोल की बदौलत तुर्की ने फीफा विश्वकप 2026 में ग्रुप डी के आखिरी मुकाबले में अमेरिका की टीम पर 3–2 से जीत दर्ज की। इंग्लवुड के सोफी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में अमेरिकी की टीम को पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी तुर्की टीम से 3–2 से हार का सामना करना पड़ा। मैच के आखिरी मिनट में कान आयहान के गोल की बदौलत तुर्की ने जीत हासिल की। अमेरिका पहले ही नॉकआउट चरण में पहुंच चुका है।













